सुविचार
पूर्णतया निंदित या पूर्णतया प्रशंसित पुरुष न था, न होगा, न आजकल है।

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi

12
Vaani Kapoor Is Part Of...

Ranchi ● Monday, 06 May 2024 ● Year : 02 ● Issue : 107 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SHARE

संसेक्स	:	73,878.15
निफ्टी	:	22,475.85

SARAFA

सोना	:	6,745
चांदी	:	86.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई सामने, शिवलिंग 8 फीट ऊंचा

29 जून से शुरू होगी 52 दिनों की अमरनाथ यात्रा, सभी सुविधाएं बहाल

AGENCY ANANTNAG : रविवार को कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है। इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं।

- यात्रा के लिए 15 अप्रैल से चल रहा है रजिस्ट्रेशन, मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया भी जारी
- 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय कर सकते हैं यात्रा

इन बातों का जरूर रखें ध्यान

यात्रा के दौरान मेडिकल सर्टिफिकेट, 4 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, आरएफआईडी (आरएफआईडी) कार्ड, ट्रैवल एप्लिकेशन फॉर्म अपने साथ रखें। फिजिकल फिटनेस के लिहाज से हर रोज 4 से 5 किलोमीटर पैदल चलने की प्रैक्टिस करें। सांस वाला योग जैसे प्राणायाम और एक्सरसाइज करें। यात्रा में ऊनी कपड़े, रेनकोट, ट्रैकिंग स्टिक, पानी बॉटल और जरूरी दवाओं का बैग अपने साथ रखें।

6 लाख यात्रियों के आने की संभावना

पिछली बार करीब 4.50 लाख श्रद्धालु आए थे। इस बार 6 लाख यात्रियों के आने की संभावना है। यात्रा कम दिनों की है और भीड़ ज्यादा रहेगी, इसलिए इंतजाम भी ज्यादा किए जा रहे हैं। पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप के लिए व्यवस्था होगी। ऑक्सीजन बूथ, आइसीयू बेड, एक्स रे, सोनोग्राफी मशीन और लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट से लैस दो कैंप अस्पताल की तैयारियां चल रही हैं। पहले पहलगाम से गुफा तक 46 किमी लंबा रास्ता 3 से 4 फीट और बालटाल वाला रूट 2 फीट चौड़ा था।

चारों धामों के कपाट खुलने के दिन श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से होगी वर्षा

DEHRADHUN : रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जानकारी दी कि चारों धामों के कपाट खुलने वाले दिन श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी। बता दें कि 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। इस दिन केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलेंगे, जबकि इसके दो दिन बाद बदरीनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री धामी ने बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले मुख्य सेवक भंडारा कार्यक्रम के 300 सेवादारों की टीम को दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल देहरादून से रवाना हुआ है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा की सभी तैयारियां 10 मई तक हर हाल में पूरी कर ली जाएं, जिससे वहां आने वाले श्रद्धालु अच्छा संदेश लेकर जाएं। इस बार भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जिस दिन धामों के कपाट खुलेंगे, उस दिन हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी।

- 300 सेवादारों की टीम को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

BRIEF NEWS

एक्सप्रेस-वे पर चकनाचूर हुई कार, 6 की मौत

NEW DELHI : दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह हुए कार एक्सीडेंट में 6 लोगों की मौत हो गई। सवाई माधोपुर जिले में हुए इस सड़क हादसे में 2 बच्चे भी घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार कार सवार परिवार सीकर के खंडेला से रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर जा रहा था। रविवार सुबह 8 बजे बौंली (सवाई माधोपुर) थाना क्षेत्र में बनास पुलिया के पास उनकी कार एक ट्रैक्टर से भिड़ गई। एएसपी दिनेश यादव ने बताया कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। शवों को बमुश्किल निकाला जा सका। हादसे में अनीता पत्नी मनीष शर्मा, संतोष पत्नी गजानंद शर्मा, कैलाश पुत्र रामअवतार शर्मा, पूनम पत्नी सतीश शर्मा, मनीष पुत्र रामावतार शर्मा व सतीश शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक्सीडेंट में घायल दो बच्चों को पहले बौंली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट कराया गया।

पहलवान बजरंग पूनिया को किया गया सस्पेंड

NEW DELHI : नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पूनिया को अनिश्चितकाल के लिए सस्पेंड कर दिया है। बजरंग पूनिया ने डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल नहीं दिया था, जिसके बाद नाडा ने यह एक्शन लिया है। 10 मार्च को ओलिंपिक गेम्स में हिस्सा लेने के लिए हुए एशियन क्वालिफायर्स के नेशनल ट्रायल्स के दौरान नाडा ने बजरंग से सैंपल देने के लिए कहा था। लेकिन, बजरंग ने सैंपल देने से इनकार कर दिया। नाडा को विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) को बताना था कि एक एथलीट ने अपना सैंपल क्यों नहीं दिया। 23 अप्रैल को नाडा ने बजरंग को नोटिस दिया और 7 मई तक जवाब देने को कहा था। बजरंग ने अभी तक जवाब नहीं दिया है और इसलिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है। बजरंग पूनिया ने पोस्ट करके इसका जवाब दिया। उन्होंने लिखा- मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को सैंपल देने से इनकार नहीं किया, उन्होंने पहले मेरा सैंपल लेने के लिए एक्सपायरी किट दी थी। एक्सपायरी किट देने वालों के खिलाफ उन्होंने क्या कदम उठाए। इसका जवाब दें और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए।

भाजपा नेताओं की हत्या की साजिश, एक गिरफ्तार

SURAT : भाजपा और हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में शनिवार को सूरत से एक मौलवी मोहम्मद सोहेल उर्फ अबु-बकर तीमोल को गुजरात क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के निशाने पर भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा, तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह, हिंदू सनातन संघ चेयरमैन उपदेश राणा और सुदर्शन टीवी के चीफ एडिटर सुरेश चव्हाणके थे। सूरत पुलिस के मुताबिक, 27 साल का मौलवी मोहम्मद सोहेल मदरसे का टीचर भी है। वो पिछले दो साल से पाकिस्तान के डोंगर और नेपाल के शहनाज के साथ वॉट्सएप के जरिए संपर्क में था। वॉट्सएप चैट में वे भारत में नबी की गुस्ताखी में दखल दिए जाने और ऐसे लोगों को सीधा करने की बात कर रहे हैं।

उत्तरप्रदेश की चुनावी सभा में पीएम का 'इंडी' गठबंधन पर अटैक

मैं धर्म के आधार पर कभी नहीं होने दूंगा आरक्षण : प्रधानमंत्री

AGENCY ETAWAH : रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के इटावा और सीतापुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इटावा में प्रधानमंत्री ने गरजते हुए कहा कि मेरे जिंदा रहते देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं लागू हो सकता। पीएम ने कहा- शाही परिवार का वारिस ही मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री बने, यह कुप्रथा इस चायवाले ने तोड़ दी है। पांच साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार चुनाव के समय मंदिर-मंदिर घूम रहा था। कांग्रेस के शहजादे ने कोट के ऊपर जनेऊ पहन लिया था। मगर, इस बार मंदिर के दर्शन बंद हैं। पीएम ने मंच से मुलायम सिंह को याद किया। साथ ही शिवपाल यादव की चुटकी भी ली। मुलायम सिंह के सगे भाई (शिवपाल यादव) भाजपा को जिताने की अपील कर रहे हैं। उनके दिल की बात जुबान पर आ ही गई। सीतापुर में पीएम ने कहा- मोदी जब तक जिंदा है। एसटी-एससी और ओबीसी को आरक्षण को खत्म नहीं होने देगा। मैं छोटी काशी की इस धरती से सवाल उठा रहा हूं कि क्या सत्ता में आए तो राम मंदिर को भी अस्पताल बना दोगे। क्या काशी विश्वनाथ पर भी बुलडोजर चलाओगे। मोदी बड़े सपने लेकर चलता है। अब तक जो हुआ है, वह ट्रेलर है। अभी विकास की असली तस्वीर आनी बाकी है।

लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व साथ में पार्टी के अन्य नेता।

गरीब के बच्चों को भूखे नहीं सोने देगा मोदी

पीएम ने कहा मोदी गरीब के बच्चों को भूखा नहीं सोने देगा। वे कह रहे हैं कि मोदी मुफ्त राशन दे रहा है। गरीबों के घर का चूल्हा जलता रहे। मोदी की गारंटी है ये योजना जारी रहेगी। गरीब का बच्चा भूखा नहीं सोना चाहिए। यह कहते हैं कि हम इस योजना को भी खत्म कर देंगे। मोदी ने जो ट्रेन शुरू की है। उसको भी बंद कर देंगे। आज मैं सपा कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि धारा-370 को वापस लाएंगे। ये लोगों ने अंबेडकर का ऐसा अपमान किया है। बाबा साहब ने संविधान पूरे हिंदुस्तान के लिए बनाया था। लेकिन, कांग्रेस ने पूरे देश में संविधान लागू नहीं किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस-सपा की नजर आपके मकान, घर में रखे जेवर पर है। इन्होंने कहा है कि आपके पास जो है उसका एक्सरे निकालेंगे। मैंने कांग्रेस का एक्सरे निकाल दिया है।

खुलेआम खेल रहे तुष्टीकरण का खेल

मोदी ने कहा, अब मुस्लिम समाज भी इन वोट बैंक के ठेकेदारों से छिटक रहा है। इसलिए मुस्लिम वोट बैंक को बचाने के लिए ये लोग खुलेआम तुष्टीकरण कर रहे हैं। इन्होंने अपना घोषणा पत्र मुस्लिम लीग की छाप वाला बना डाला है। हमारे संविधान निमाताओं ने खुद नेहरू जी ने 75 साल पहले संविधान बन रहा था, तो साफ-साफ कहा था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन, वे धर्म के आधार पर आरक्षण दे रहे हैं। वह देश को बेचने के लिए जमीन तैयार की है। 2014 के पहले आपने कांग्रेस का काम देखा है। याद कीजिए, उन्होंने देश और प्रदेश का क्या हाल कर रखा था।

बीजेपी पर बरसे मुख्यमंत्री, पूछा- सीमा को सील क्यों नहीं किया जाता

बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा किसका : चम्पाई

PHOTON NEWS RANCHI : सीएम चम्पाई सोरेन ने एक बार फिर से बीजेपी पर निशाना साधा है। झारखंड में घुसपैठिए के मामले में कहा कि झारखंड सरकार को अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा कब मिला। यह गलती किसकी है। सीमा को सील क्यों नहीं किया जाता। उल्टे बीजेपी आरोप लगाती है कि यहां की डेमोग्राफी बदल रही है। बीजेपी ही बताए गलती किसकी है। भाजपा के एजेंडे से महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं की बदहाली जैसे मुद्दे गायब हैं। ये बातें सीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है। सीएम ने नसीहत देते हुए कहा कि जुमलों से बचिए। वैसे लोगों को अपना सांसद चुनिए, जो आपके मुद्दों को देश की सबसे बड़ी पंचायत में उठा सकें। झारखंड के अधिकतर सांसदों द्वारा जिस प्रकार राज्य की जनता की मांगों व अपेक्षाओं को लगातार नकारा गया है, जिस तरह से उन्हें महंगाई, 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण, सरना-आदिवासी धर्म कोड समेत अन्य मुद्दों पर जुमले सुनाये गए हैं, उसका जवाब जनता देगी।

नागरिकता देना भी केंद्र के अधिकार क्षेत्र में

सीएम ने कहा कि झारखंड में राशन कार्ड तक आधार संख्या के बिना नहीं बनते। जब आधार कार्ड बनाने वाली एजेंसी केंद्र सरकार के अधीन काम करती है, नागरिकता देना भी केंद्र के अधिकार क्षेत्र आता है, तो फिर इस प्रक्रिया में होने वाली गड़बड़ी के लिए कौन जिम्मेदार है। सीएम ने कहा कि इतिहास में पहली बार इतनी गरीबी देखी है। भाजपा सरकार के राज में एलपीजी सिलेंडर की कीमतें 400 रुपए से बढ़ कर 1100 रुपए हो गईं। राशन से लेकर सब्जी-भाजी और तेल- मसालों का हाल भी लोगों के सामने है। ऐसे हालात बन गए हैं कि देश के इतिहास में पहली बार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज देना पड़ रहा है।

राहुल कल चाईबासा और बसिया में करेंगे चुनावी सभा

RANCHI : कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्टार प्रचारक राहुल गांधी सात मई को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगे। वे अपने दौरे पर सबसे पहले टाटा कॉलेज चाईबासा में झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी के समर्थन में सुबह 11:30 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी गुमला जिले के बसिया के कोनवीर में कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के समर्थन में दिन के 2 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सोनल शांति ने एआईसीसी से एप्रुव कार्यक्रम को जारी करते हुए दी। शांति ने बताया कि राहुल गांधी के दौरे को लेकर संबंधित जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है।

आज से बदलेगा मौसम का मिजाज, पड़ेंगे ओले गर्मी से मिलेगी राहत

तपिश से बचने का प्रयास करतीं युवतियां।

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने छह और सात मई को आंधी के साथ वज्रपात होने की संभावना जताई है। सात मई को ओले पड़ने की संभावना जताई गई है। रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, देवघर जिले में कहीं-कहीं ओला पड़ने की आशंका है। विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों में तापमान में धीरे-धीरे 4 से 6 डिग्री की गिरावट हो सकती है। छह मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इसका प्रभाव देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा जिलों में पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार सात से नौ मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। राज्य में कुछ स्थानों पर 10 मई को भी बारिश होगी। 11 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। 6 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है। हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा जिलों में देखने को मिल सकता है। राजधानी रांची में 5 और 6 मई को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहेगा। वहीं 7 से मई को अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने की संभावना है। 8 और 9 मई को 34 और 23 डिग्री रहने की संभावना है। 7, 8 और 9 मई को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश और बादल छाये रहने की संभावना है।

- 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी हवा
- अगले दो-तीन दिनों में 4 से 6 डिग्री तक तापमान में हो सकती है गिरावट
- सात से नौ मई को भी गर्जन के साथ बारिश

दमकल की 6 गाड़ियों ने पाया काबू

बीएसएनएल ऑफिस के स्टोर रूम में लगी आग

धधकती आग के साथ उठता धुआं

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड की राजधानी रांची के जुमार पुल के समीप स्थित बीएसएनएल ऑफिस (ट्रेनिंग सेंटर) के स्टोर रूम में रविवार को आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुटे। छह दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी। आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जतायी जा रही है। बीएसएनएल ऑफिस के स्टोर रूम में आग लगने की खबर जैसे ही अग्निशमन विभाग को मिली, वैसे ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाने में जुट गए।

सीआईएससीई आज जारी करेगा 10वीं व 12वीं का रिजल्ट

NEW DELHI : काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) द्वारा सोमवार सुबह 11 बजे आईसीएसई कक्षा 10वीं और आईएससी कक्षा 12वीं रिजल्ट जारी किए जाएंगे। एक बार रिजल्ट जारी होने के बाद, छात्र अपने स्कोरकार्ड सीआईएससीई की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकेंगे। आधिकारिक वेबसाइट्स के अलावा, आईसीएसई और आईएससी के लिए सीआईएससीई स्कोरकार्ड डिजिलॉकर पर भी उपलब्ध होंगे। अपने आधिकारिक अकाउंट पर डिजिलॉकर ने पोस्ट करते हुए कहा, सीआईएससीई बोर्ड आईसीएसई (कक्षा 10वीं) और आईएससी (कक्षा 12वीं) के रिजल्ट जल्द जारी किए जाएंगे। आपको बता दें, 26 मार्च को प्रश्न पत्र का पैकेट खो जाने के कारण सीआईएससीई को कक्षा 12वीं की साइकोलॉजी विषय की परीक्षा को स्थगित कर दिया था।

वायु सेना ने कॉर्पोरल विक्की पहाड़े की शहादत को किया सलाम, जताई संवेदना

एयर फोर्स के काफिले पर आतंकी अटैक के बाद बढ़ी चौकसी

AGENCY NEW DELHI : जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में शनिवार को इंडियन एयर फोर्स के काफिले पर आतंकी हमले के बाद रविवार को चौकसी बढ़ा दी गई है। सुरक्षाकर्मियों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। वायु सेना ने आतंकी हमले में वायु सेना कर्मी कॉर्पोरल विक्की पहाड़े के बलिदान को सलाम करते हुए रविवार को गहरी संवेदना व्यक्त की है। चार अन्य घायल वायु सेना कर्मियों का इलाज उधमपुर के कमांड अस्पताल में चल रहा है। वायु सेना की ओर से रविवार को एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और भारतीय वायु सेना के सभी कर्मियों ने कॉर्पोरल पहाड़े को उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान के लिए सलाम करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं और हम दुख की इस घड़ी में आपके साथ मजबूती से खड़े हैं।

काफिले की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

एक बयान में कहा गया है कि काफिले की सुरक्षा से अब कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सैन्य और जांच इकाइयां हमले की बारीकियों को निर्धारित करने और सैन्यकर्मियों एवं स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गहन जांच कर रही है। काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले के पीछे के आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय वायु सेना के वाहनों को शाहसितार के पास सामान्य क्षेत्र में हवाई अड्डे के अंदर सुरक्षित कर दिया गया है।

आर्मी व खुफिया एजेंसी के अधिकारियों ने घटनास्थल पर जाकर ली जानकारी

शनिवार को पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना के काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले के बाद नाकाबंदी के दौरान रविवार को कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन और सेना तथा खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरनकोट इलाके में हमले वाली जगह का दौरा किया। इस इलाके की हेलीकॉप्टर से हवाई निगरानी भी की गई है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की तलाश के लिए शाहसितार, गुरसाई, सनाई और शींदरा टॉप समेत कई इलाकों में सेना और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया है, क्योंकि हमले के बाद आतंकी जंगल में भाग गए। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने इस हमले में एके असॉल्ट राइफलों के अलावा अमेरिका में बनी एम4 कार्बाइन और स्टील की गोलियों का भी इस्तेमाल किया।

- नाकाबंदी के दौरान कई लोगों को हिरासत में लेकर की जा रही पूछताछ
- सर्च ऑपरेशन में सेना के पारा कमांडो की टीमों को भी लगाया गया

विश्व के पालनहार माने जाते हैं भगवान विष्णु

भगवान विष्णु परमेश्वर के तीन मुख्य रूपों में से एक हैं। विष्णु को विश्व का पालनहार माना जाता है। वे अपने चार हाथों में क्रमशः शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण करते हैं। भगवान विष्णु अत्यंत दयालु हैं। उनकी शरण में जाने पर कल्याण हो जाता है। जो भक्त भगवान विष्णु के नामों का कीर्तन, स्मरण, उनके अर्चाविग्रह का दर्शन, वंदन, गुणों का श्रवण और उनका पूजन करता है, उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। भगवान विष्णु के दस अवतार माने जाते हैं। यह हैं– मत्स्य अवतार, वराह अवतार, कूर्म अवतार, नृसिंह अवतार, वामन अवतार, परशुराम अवतार, राम अवतार, कृष्ण अवतार, बुद्ध अवतार और कल्कि अवतार। इनमें कल्कि अवतार के बारे में कहा जाता है कि यह अवतार अभी होना है।

भगवान विष्णु के 39 नाम माने जाते हैं जो इस प्रकार हैं– विष्णु, नारायण, कृष्ण, बैकुण्ठ, विष्टरश्रवस, दामोदर, हृषीकेश, केशव, माधव, स्वभू, दैत्यारि, पुण्डरीकाक्ष, गोविन्द, गरुड़ध्वज, पीताम्बर, अच्युत, शांगी, विष्वक्सेन, जनार्दन, उपेन्द्र, इन्द्रावरज, चक्रपाणि, चतुर्भुज, पद्मनाभ, मधुरिपु, वासुदेव, त्रिविक्रम, देवकीनन्दन, शौरि, श्रीपति, पुरुषोत्तम, वनमाली, बलिध्वंसी, कंसाराति, अधोक्षज, विश्वम्भर, कैटभजित, विधु और श्रवस्तलाञ्छन। भगवान विष्णु के शंख का नाम पाञ्चजन्य तथा चक्र का नाम सुदर्शन, गदा का नाम कौमोदकी खड्ग का नाम नन्दक और मणि का नाम कौस्तुभ है।

विष्णुधर्मोत्तर पुराण में वर्णन मिलता है कि लवणसमुद्र के मध्य में विष्णुलोक अपने ही प्रकाश से प्रकाशित हैं। उसमें भगवान श्रीविष्णु वर्षा ऋतु के चार मासों में लक्ष्मी द्वारा सेवित होकर शेष शय्या पर शयन करते हैं। बैकुण्ठ धाम के अन्तर्गत अयोध्या पुरी में एक दिव्य मण्डप है। मण्डप के मध्य भाग में रमणीय सिंहासन है। वेदमय धर्मादि देवता उस सिंहासन को नित्य घेरे रहते हैं।

धर्म, ज्ञान, ऐश्वर्य, वैराग्य सभी वहां उपस्थित रहते हैं। मण्डप के मध्य भाग में अग्नि, सूर्य और चंद्रमा रहते हैं।

कूर्म, नागराज तथा संपूर्ण वेद वहां पीठ रूप धारण करके उपस्थित रहते हैं। सिंहासन के मध्य में अष्टदल कमल है, जिस पर देवताओं के स्वामी परम पुरुष भगवान श्रीविष्णु लक्ष्मी के साथ विराजमान रहते हैं। भक्त वत्सल भगवान श्रीविष्णु की प्रसन्नता के लिए जप का प्रमुख मंत्र– ओम नमो नारायणाय तथा ओम नमो भगवते वासुदेवाय है।

पुराणों में विष्णु, शिव और ब्रह्मा को एक माना गया है। ये त्रिदेव सृष्टी के जनक हैं, पालनहार हैं, और संहारकर्ता हैं। विभिन्न पुराणों में दिये गये कथानकों के माध्यम से त्रिमूर्ति की शक्ति के बारे में पता चलता है। मत्स्यावतार में प्रलय काल के उपरान्त जीव की उत्पत्ति और बचाव का कथानक, कूर्मावतार में डोलती पृथ्वी को विशाल कछुए की पीठ पर धारण करने का कथानक, नृसिंहावतार में भक्त प्रह्लाद के पिता दैत्यराज हिरण्यकशिपु के वध का कथानक, वामनावतार में दैत्यराज बलि के गर्व हरण तथा तीनों लोकों को भगवान द्वारा तीन पगों में नापने का कथानक है, परशुरामावतार में क्षत्रियों के गर्व हरण का कथानक, रामावतार में राक्षस राज रावण के अहंकार को नष्ट कर उसके वध का कथानक, कृष्णावतार में कंस वध और महाभारत युद्ध में कौरवों के विनाश का कथानक और बुद्धावतार में जीव हत्या में लिप्त संसार के दुखीजन को अहिंसा का महान संदेश देने का कथानक समाज को सही राह तो दिखाते ही हैं साथ ही ईश्वर की परम शक्ति का अहसास भी कराते हैं।

मनोकामनाएं पूर्ण करेंगे श्री गणेश के सिद्ध मंत्र

श्री गणेश शक्ति और शिवतत्व का साकार स्वरूप है। इन दोनों तत्वों का सुखद स्वरूप ही किसी कार्य में पूर्णता ला सकता है। बुधवार को गणपति जी की विशेष पूजा अर्चना करने से आप के जीवन में आए हुए सभी प्रकार के दुख दर्द का नाश होता है, मान-प्रतिष्ठा बढ़ती है, आयुष्य और बल में वृद्धि होती है और सर्वत्र आप की कीर्ति फैलती है। श्री गणेश अपने भक्तों के समस्त विघ्नों को दूर करने के लिए विघ्नों के मार्ग में विकट स्वरूप धारण करके खड़े हो जाते हैं।

किसी भी शुभ कार्य के आरम्भ में भगवान् श्री गणेश की पूजा-अर्चना करने का विधान है। कहते हैं कि महादेव पुत्र श्री गणेश के नाम का शुद्ध चित्त भाव से चिंतन करने तथा उनकी श्रद्धा भाव से आराधना करते रहने से जीवन के कष्ट और दुर्भाग्य दूर होते हैं।

भगवान गणेश का स्वरूप अत्यन्त ही मनोहर एवं मंगलदायक है। वे एकदन्त और चतुर्बाह हैं। अपने चारों हाथों में वे क्रमश पाश, अंकुश, मोदक पात्र तथा वर मुद्रा धारण करते हैं। वे रक्तवर्ण, लम्बोदर, शूर्पकर्ण तथा पीत वस्त्र धारी हैं। वे रक्त चंदन धारण करते हैं तथा उन्हें रक्त वर्ण के पुष्प विशेष प्रिय हैं। वे अपने उपासकों पर शीघ्र प्रसन्न होकर उनकी समम्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

श्री गणेश का मन्त्र जप करने से मन में सदविचार और सकारात्मक भाव आने लगते हैं। जिन मनुष्यों का आत्म विश्वास कमजोर होता है उनमें भी श्री गणेश की आराधना से विश्वास की भावना मजबूत होने लगती है। श्री गणेश मंत्र जप के लिए श्री गणेश जी की प्रतिमा को पीत वस्त्र से ढंकी चौकी पर स्थापित करके सिंदूर, अक्षत, जनेऊ, बूंदी या बेसन का लड्डू, मिठाई आदि समर्पित करते हुए पूर्ण श्रद्धा भाव से श्री गणेश का पूजन करना चाहिए।

श्री गणेश जी से अपने द्वारा किए हुए गलत कार्यों को क्षमा करने की प्रार्थना करते हुए सुख, समृद्धि, सौभाग्य एवं शांति की कामना करनी चाहिए। शीघ्र फल प्राप्ति के लिए प्रत्येक बुधवार अथवा माह की चतुर्थी तिथि को उपवास रखते हुए पूर्ण विश्वास और शुद्ध आचरण के साथ श्री गणेश का पूजन एवं उपासना करनी चाहिए।

पूजन विधि- सुबह नित्य कर्मों से निवृत्त होकर भगवान श्री गणेश का पंचोपचार पूजन करें। उन्हें दुर्वा व फूल चढ़ाएं। लड्डू का भोग लगाएं और इस मंत्र का जप पन्ने की माला से करें।

मंत्र- नमस्तस्मै गणेशाय ब्रहविद्यारदायिने। यस्यागस्त्यायते नाम विघ्वसागरशोषणे।।...

बिगड़े काम बनाने के लिए बुधवार को गणेश मंत्र का स्मरण करें-

त्रयीमयायाखिलबुद्धिदात्रे बुद्धिप्रदीपाय सुराधिपाय। नित्याय सत्याय च नित्यबुद्धि नित्यं निरीहाय नमोस्तु नित्यम।

अर्थात भगवान गणेश आप सभी बुद्धियों को देने वाले, बुद्धि को जगाने वाले और देवताओं के भी ईश्वर हैं। आप ही सत्य और नित्य बोधस्वरूप हैं। आपको मैं सदा नमन करता हूं।

पिता के अनन्य भक्त थे
भगवान परशुराम

भगवान विष्णु के पांचवें अवतार भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को प्रदोषकाल के समय हुआ था। पौरागिक ग्रंथों में बताया गया है कि पिता जमदग्नि और माता रेणुका ने तो अपने पांचवें पुत्र का नाम राम ही रखा था, लेकिन तपस्या के बल पर भगवान शिव को प्रसन्न करके उनके दिव्य अस्त्र परशु प्राप्त करने के कारण वे राम से परशुराम हो गए। भगवान परशुराम भगवान विष्णु के अवतार होने के साथ ही ब्राम्ह्ण जाति के कुल गुरु भी हैं इसलिए इनकी जयंती देशभर में बड़े धूमधाम से मनाई जाती है।

भगवान परशुराम अपने पिता के अनन्य भक्त थे, पिता की आज्ञा से इन्होंने अपनी माता का सिर काट डाला था, लेकिन पुनः पिता के आशीर्वाद से इनकी माता की स्थिति यथावत हो गई। दरअसल कथाओं के अनुसार हुआ यह था कि एक बार माता रेणुका स्नान के लिए नदी किनारे गईं, संयोग से वहीं पर राजा चित्ररथ भी स्नान करने आया था, राजा चित्ररथ सुंदर और आकर्षक था। राजा को देखकर रेणुका भी आसक्त हो गईं, किंतु ऋषि जमदग्नि ने अपने योगबल से अपनी पत्नी के इस आचरण को जान लिया। उन्होंने आवेशित होकर अपने पांचों पुत्रों को अपनी मां का सिर काटने का आदेश दिया। किंतु परशुराम को छोड़कर सभी पुत्रों ने मां के स्नेह के बंधकर वध करने से इंकार कर दिया, लेकिन परशुराम ने पिता के आदेश पर अपनी मां का सिर काटकर अलग कर दिया। क्रोधित ऋषि जमदग्नि ने आज्ञा का पालन न करने पर परशुराम को छोड़कर सभी पुत्रों को चेतनाशून्य हो जाने का शाप दे दिया, वहीं परशुराम को खुश होकर वर मांगने को कहा। तब परशुराम ने पूर्ण बुद्धिमत्ता के साथ वर मांगा। जिसमें उन्होंने तीन वरदान मांगे- पहला, अपनी माता को फिर से जीवन देने और माता को मृत्यु की पूरी घटना याद न रहने का वर मांगा। दूसरा, अपने चारों चेतनाशून्य भाइयों की चेतना फिर से लौटाने का वरदान मांगा। तीसरा वरदान स्वयं के लिए मांगा जिसके अनुसार उनकी किसी भी शत्रु से या युद्ध में पराजय न हो और उनको लंबी आयु प्राप्त हो।

श्रीजमदग्नि जी के आश्रम में एक कामधेनु गौ थी, जिसकी अलौकिक ऐश्वर्य शक्ति को देखकर कार्तवीर्यार्जुन उसे प्राप्त करने के लिए दुराग्रह करने लगा था। अंत में उसने गौ को हासिल करने के लिए बल का प्रयोग किया और उसे माहिष्मती ले आया। किंतु जब परशुराम जी को यह बात विदित हुई तो उन्होंने कार्तवीर्यार्जुन तथा उसकी सारी सेना का विनाश कर डाला। जिस पर पिता ने परशुराम जी के इस चक्रवर्ती सम्राट के वध को ब्रम्ह् हत्या के समान बताते हुए उन्हें तीर्थ सेवन की आज्ञा दी। वे तीर्थ यात्रा पर चले गये, वापस आने पर माता-पिता ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

दूसरी ओर सहस्त्रार्जुन के वध से उसके पुत्रों के मन में प्रतिशोध की आग जल रही थी। एक दिन अवसर पाकर उन्होंने छद्म वेष में आश्रम आकर जमदग्नि का सिर काट डाला और उसे लेकर भाग निकले। जब परशुराम जी को यह समाचार ज्ञात हुआ तो वे अत्यन्त क्रोधावेश में आग बबूला हो उठे और पृथ्वी को क्षत्रिय हीन कर देने की प्रतिज्ञा कर ली तथा 21 बार घूम-घूमकर पृथ्वी को निःक्षत्रिय कर दिया। फिर पिता के सिर को धड़ से जोड़कर कुरुक्षेत्र में अन्त्येष्टि संस्कार किया। पितृगणों ने इन्हें आशीर्वाद दिया और उन्हीं की आज्ञा से इन्होंने सम्पूर्ण पृथ्वी प्रजापति कश्यपजी को दान में दे दी और महेन्द्राचल पर तपस्या करने चले गये।

सीता स्वयंवर में श्रीराम द्वारा शिव-धनुष भंग किये जाने पर वह महेन्द्राचल से शीघ्रतापूर्वक जनकपुर पहुंचे, किंतु इनका तेज श्रीराम में प्रविष्ट हो गया और ये अपना वैष्णव धनु उन्हें देकर पुनरू तपस्या के लिए महेन्द्राचल वापस लौट गये। मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम के क्रोध का सामना गणेश जी को भी करना पड़ा था। दरअसल उन्होंने परशुराम जी को शिव दर्शन से रोक दिया था। क्रोधित परशुराम जी ने उन पर परशु से प्रहार किया तो उनका एक दांत नष्ट हो गया। इसी के बाद से गणेश जी एकदंत कहलाये।

भगवान परशुराम चिरजीवी हैं। ये अपने साधकों-उपासकों तथा अधिकारी महापुरुषों को दर्शन देते हैं। इनकी साधना-उपासना से भक्तों का कल्याण होता है। पौराणिक मान्यता है कि वे आज भी मन्दराचल पर्वत पर तपस्यारत हैं। ऋषि संतान परशुराम ने अपनी प्रभुता व श्रेष्ठवीरता की आर्य संस्कृति पर अमिट छाप छोड़ी। शैव दर्शन में उनका अद्भुत उल्लेख है जो सभी शैव सम्प्रदाय के साधकों में स्तुत्य व परम स्मरणीय है। देश में अनेक स्थानों पर भगवान जमदग्नि जी के तपस्या स्थल एवं आश्रम हैं, माता रेणुका जी के अनेक क्षत्र हैं, प्रायरू रेणुका माता के मंदिर में अथवा स्वतंत्र रूप से परशुराम जी के अनेक मंदिर भारत भर में हैं, जहां उनकी शांत, मनोरम तथा उग्र रूप मूर्ति के दर्शन होते हैं।

परशुराम दरअसल राम के रूप में सत्य के संस्करण हैं, इसलिए नैतिक-युक्ति का अवतरण हैं। भगवान परशुराम को उनके हठी स्वभाव, क्रोध और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने अपने जीवन के लिए अपने ही नियम बना रखे थे। परशुराम जयंती के शुभ दिन उनके चरित्र का स्मरण और अनुसरण कर कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। भगवान शिव, परशुराम जी के गुरु हैं। वह तेजस्वी, ओजस्वी, वर्चस्वी महापुरूष हैं।

वास्तु
घर की सुरक्षा और अनेक बाधाओं को दूर करने के उपाय

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर का मुख्य दरवाजा कैसा हो जिससे घर में सुख, शांति एवं समृद्धि की वृद्धि होती रहे, इसका ज्ञान अवश्य होना चाहिए। थोड़ी–सी अज्ञानता के कारण वास्तुदोष उत्पन्न हो जाते हैं और घर में कलह, अशांति आदि की वृद्धि होने लगती है। ऐसा न हो, इसकी जानकारी यहां प्रस्तुत की जा रही है :–

1 पेड़ जहां भी लगे होते हैं, वहीं पर छाया एवं ठंडक रहती है। पेड़ अगर फलदार होता है तो और भी अच्छा है, किन्तु वास्तुशास्त्र के अनुसार घर के मुख्यद्वार के सामने वृक्ष होना अशुभ माना जाता है। वृक्ष होने के कारण गृहस्वामी अधिकतर बीमार रह सकता है तथा उस पर एक न एक मुसीबतें आती ही रहती हैं। इसके अलावा कोर्ट केस पुलिस

केस सहित अन्य मुसीबतें भी आ सकती हैं।

2 फेंग-शुई के अनुसार गृहस्वामी एवं परिवार के सदस्यों पर मुख्य द्वार पर पेड़ होने के कारण अनेकानेक मुसीबतें आती ही रहती हैं। अगर पेड़ हो ही और काटना असंभव हो तो मुख्य द्वार के ऊपर बाहर की ओर अष्ट कोणीय दर्पण (आईना) लगा देने से नकारात्मक ऊर्जा परावर्तित होकर वापस बाहर की ओर चली जाती है। इससे मुख्य द्वार का दोष समाप्त होकर घर में सुख-शांति की वृद्धि होने लगती है।

3 घर के दरवाजे के पास पानी होना बहुत ही मंगलकारी माना जाता है। उत्तर, पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर अगर घर का मुख्य द्वार है और वहां पानी हो तो अत्यंत शुभकारक होता है। दरवाजे के पास एक पानी का पात्र सावधानी से रख देना हितकारी है।

4 पानी से भरे हुए पात्र को दरवाजे के पास केवल बाईं ओर ही रखें ताकि जब आप घर में खड़े हों और बाहर की ओर देख रहे हों तो वह जल पात्र आपके बाईं ओर ही रहे। दरवाजे के दाईं ओर पानी नहीं रखना चाहिए। इसका परिणाम यह होता है कि गृह स्वामी किसी अन्य महिला के प्रति आकर्षित हो सकता है।

5 दिनांक एवं वार आदि के साथ-साथ व्रत-त्यौहार आदि देखने के लिए कैलेंडर का उपयोग हर घर में किया जाता है। कैलेंडर को किसी भी दरवाजे के आगे या पीछे की ओर अथवा दरवाजे के मार्ग में कभी भी नहीं लटकाना चाहिए। फेंगशुई के अनुसार दरवाजे के ऊपर कैलेंडर लटकाने से घर के सदस्यों की आयु क्षीण होती है। मुख्य द्वार के ऊपर कैलेंडर लटकाना विशेष रूप से हानिकारक एवं दोषपूर्ण माना जाता है। प्रतीकात्मक रूप से इसका अर्थ यह होता है कि आपकी जिन्दगी के कितने दिन शेष बचे हैं? कैलेंडर को किसी अन्य जगह पर लगा कर इस दोष को सुधारा जा सकता है।

6 मकान में प्रतिवर्ष कुछ न कुछ मुरम्मत, रंग-रोगन, सफाई इत्यादि का कार्य करवाना ही होता है। अगर मकान का मुख्य द्वार अन्य निर्माण कार्य के कारण अवरुद्ध हो रहा हो तो यह फेंग-शुई के अनुसार खराब माना जाता है। इसके कारण गृह स्वामी को हृदयाघात तक हो सकता है। किसी भी कारण से मुख्य द्वार के सामने बांस-बल्ली न गाड़ कर थोड़ा हट कर ही गाडऩा चाहिए। अगर ऐसा करना अत्यंत ही आवश्यक हो तो द्वार के चौखट के पास सात सिक्कों को गाड़ देना चाहिए। इससे दोष मिट जाता है।

7 घर के मुख्य द्वार के सामने से सीढ़ी या लिफ्ट को नहीं लगाना चाहिए। लिफ्ट का दरवाजा बार-बार खुलता एवं

बंद होता रहता है। इसके प्रभाव से गृह स्वामी के भाग्य एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अगर ऐसा है तो मुख्य द्वार पर बाहर की ओर से अष्टकोणीय दर्पण लगवा दें। इसके अलावा मुख्य द्वार की दहलीज को भी थोड़ा ऊंचा कर देना चाहिए।

8 मुख्य द्वार के ठीक सामने गाय, बैल, भैंस, कुत्ता आदि किसी भी पालतू पशु को नहीं बांधना चाहिए। ऐसा होने पर घर के अंदर शुभ स्थितियों का प्रवेश बंद हो जाता है। मुख्य द्वार के सामने पशुओं के बंधे रहने से घर की स्त्रियों पर कुप्रभाव पडऩे लगता है। फेंग-शुई के अनुसार घर के मुख्य द्वार के सामने तोता या अन्य पिंजरा रखना भी हितकारी नहीं माना जाता है। पिंजरे को मुख्य द्वार से कुछ हटा कर रखना चाहिए।

9 घर के प्रवेश द्वार के ऊपर ऐसे स्थान पर गणपति का चित्र लगाना चाहिए जिससे द्वार से निकलते समय गणपति सम्मुख सामने हों। द्वार के बाहर दोनों ओर स्वस्तिक का चिन्ह लाल रंग से बना देना शुभ होता है तथा बाधाएं घर के अंदर प्रवेश नहीं कर पातीं।

इस प्रकार कुछ विधियों को अपना कर घर की सुरक्षा की जा सकती है और अनेक बाधाओं से दूर रहा जा सकता है।

BRIEF NEWS

जेके ग्रुप ऑफ कंपनी उठाएगी जीनत परवीन की पढ़ाई का खर्च

KANKE : झारखंड एकेडमिक काउंसिल 12वीं कला संकाय की झारखंड टॉपर जीनत परवीन की पढ़ाई लिखाई का सारा खर्च जेके ग्रुप ऑफ कंपनी करेगी। रविवार को जेके ग्रुप ऑफ कंपनी के सीइओ सह आजसु नेता जितेंद्र सिंह ने यह घोषणा जीनत परवीन के घर पर जाकर किया। जितेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड टॉपर जीनत परवीन अपने गांव का ही नहीं बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन की है। इसीलिए जीनत परवीन के मां-बाप एक नहीं सैकड़ो है। जीनत ने हम लोगों की मान बधाई है। आज कंपनी के तरफ से मैं जीनत परवीन को गोद ले रहा हूं। आज से इसका पढ़ाई लिखाई या आईएएस ऑफिसर बनना चाहती है सारा खर्च जीके ग्रुप ऑफ कंपनी करेगी। मौके पर आजसु के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, डॉ अशोक नाग, जिला अध्यक्ष संजय महतो, जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मजीबुल अंसारी, जिला प्रवक्ता सूरज मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष अमन शाहदेव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

कार्ल मार्क्स के विचार आज भी हैं प्रासंगिक: अजय सिंह

RANCHI : सीपीआई के राज्य कार्यालय के सभागार में रविवार को कार्ल मार्क्स की 206वीं जयंती मनाई गई। राज्य कार्यकारणी सह रांची जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में कार्ल मार्क्स की लिखी और कही बातें सत्य साबित हो रही हैं। पूंजीवादी व्यवस्था आम जनों का खून चूस रही है। वर्तमान की सरकार 80 फीसदी आबादी की बात न कर चंद पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनी हुई है। आवश्यक खाद्य और जरूरत मंद चीजें जो प्रतिदिन के इस्तेमाल में आती है, जो कभी भी टैक्स के दायरे में नहीं आती थी। सरकार ने उन सभी चीजों पर टैक्स लगा दिया है।

राजद ने सुबोधकांत को सौंपी प्रखंड पदाधिकारियों की सूची

RANCHI : रांची जिला राजद अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से मुलाकात की। उन्होंने रांची लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले जिले के सभी 9 प्रखंडों के राजद पदाधिकारियों की सूची उन्हें सौंपी। सूची में सभी पदधारियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर दिये गये हैं, ताकि लोकसभा चुनाव में गठबंधन की कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में हर संभव मदद पहुंचाई जा सके। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने रांची जिला राजद के सभी प्रखंड अध्यक्षों व कार्यकताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए युद्ध स्तर पर जुट जाने का निर्देश दिया।

रविवार को भी खुले रांची डाक मंडल के पोस्ट ऑफिस

RANCHI : लोकसभा चुनाव के महापर्व को देखते रांची डाक मंडल के डाकघर आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए रविवार को भी खुले रहे। निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गये लगभग 53000 वोटर आइडी कार्डों को डाक के माध्यम से आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए रांची जीपीओ की मदद से तैयारियां की गई हैं। शनिवार (4 मई) को भी देर रात तक रांची जेपीओ कार्यालय खुला रख कर वोटर आइडी को डिस्पैच किया गया। रविवार की सुबह तक वोटर आइडी पिन कोड के अनुसार अपने वितरित होनेवाले डाकघर तक पहुंच चुके थे। डाकियाओं ने भी जोर दिखाया और रविवार के दिन भी लोगों के घर घर तक जाकर वोटर आइडी कार्ड का वितरण किया।

55.65 ग्राम लेकर पहुंचे थे सप्लाई करने, सासाराम से लाकर की जाती है आपूर्ति

रांची स्टेशन से 12 लाख का ब्राउन शुगर जब्त महिला सहित तीन तस्करों को RPF ने दबोचा

CRIME REPORTER RANCHI : रांची रेलवे स्टेशन से आरपीएफ की टीम ने रविवार की सुबह 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, तस्कर रांची रेलवे स्टेशन पर ब्राउन शुगर की सप्लाई करने पहुंचे थे। लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। बाद में आरपीएफ ने तीनों तस्करों को चुटिया थाना की पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, आरपीएफ को सूचना मिली थी कि रांची रेलवे स्टेशन पर ब्राउन शुगर की सप्लाई करने कुछ लोग ट्रेन से आने वाले हैं। इसके बाद आरपीएफ की टीम स्ट्रेशन पर आने-जाने वाले लोगों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन से एक महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर भी बरामद हुआ है, जिसका बाजार मूल्य करीब 12 लाख बतायी जा रही है। आरपीएफ ने बताया कि यह गिरोह तीन पार्ट में ब्राउन शुगर का काम करता है। पहला रांची से बस पकड़कर बिहार स्थित सासाराम पहुंचता है। बड़े पैमाने में ब्राउन शुगर की डिलीवरी सासाराम में होती है। फिर तस्कर सासाराम से ब्राउन शुगर खरीदते हैं और ट्रेन पकड़कर रांची आते हैं। इसके बाद रांची में सक्रिय ड्रैग पैडलर को ब्राउन की सप्लायी करके गुप्त ठिकानों पर चले जाते हैं। आरपीएफ इंस्पेक्टर सह पोस्ट कमांडर दिगंजय शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रांची के मोरहाबादी का रहने वाला विकास कुमार, किशोरगंज का रहने वाला नीलेश कुमार सोनी और रांची के करमटोली चौक की रहने वाली सोनाली खलखो शामिल है। गिरफ्तार करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए तीनों तस्करों को आरपीएफ ने रांची के चुटिया थाने के हवाले कर दिया है। इस मामले में अब आगे की कार्रवाई रांची के चुटिया थाने के द्वारा की जाएगी।

गिरफ्तार तस्करों के बारे में जानकारी देती आरपीएफ की टीम।

औषधि नियंत्रण विभाग की कार्रवाई

रांची में बिना लाइसेंस के बनाई जा रही थीं होमियोपैथिक दवाइयां, 41 कार्टन जब्त

CRIME REPORTER RANCHI : हजारीबाग से सूचना मिलने के बाद एक्टिव हुई रांची के औषधि नियंत्रक विभाग की टीम ने रांची के रातू थाना क्षेत्र के टिलटांड़ गोविंद नगर में बिना लाइसेंस के होमियोपैथी दवा कंपनी का पदार्फाश किया है। टीम ने मौके से भारी मात्रा में दवा भी बरामद किया है। छापेमारी टीम में ड्रग इंस्पेक्टर प्रतिभा झा, मो। नसीम, पुतली बिलोंग, आलोक कुमार, अमित कुमार शामिल थे। औषधि नियंत्रण विभाग की पूरी कार्रवाई को लेकर झारखंड के संयुक्त औषधि नियंत्रक सुजीत कुमार ने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि एक दवा कंपनी बिना लाइसेंस के दवा बना रही है और बाजार में बेच रही है। इस सूचना के आधार पर पहले रेकी की गई और फिर कई ड्रग इंस्पेक्टर की टीम बनाकर शनिवार को छापेमारी की। इस दौरान करीब 41 कार्टन निर्मित दवा, दवा बनाने में इस्तेमाल होनेवाला खाली बोतल, लेवल्स, कैप्स और दवाओं को सील करने वाली मशीन जब्त की गई है। औषधि निदेशालय में संयुक्त निदेशक सुजीत कुमार ने बताया कि पूरे मामले में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। वहीं दवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए आठ सैंपल दवा लेकर उसे लैब भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में सक्षम न्यायालय में कंप्लेन केस किया जाएगा। बिना लाइसेंस के दवा निर्माण का दोष सिद्ध होने पर कम से कम पांच साल के सजा का प्रावधान है।

जब्त दवाइयों की जांच करते औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारी।

रांची जिला में 25 मई को होना है मतदान

चुनाव कार्य के लिए सीज गाड़ियों को 9 मई तक करना होगा जमा

PHOTON NEWS RANCHI : रांची जिला में छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है। जिला प्रशासन इसकी तैयारी में जुटा है। रांची जिला में खूंटी लोकसभा के कुछ क्षेत्र मांडर और तमाड़ विधानसभा के भी आते हैं। जिसका मतदान 13 मई को होना है। इस क्षेत्रों में सेक्टर पदाधिकारी, ईवीएम और पोलिंग पार्टी को निर्धारित मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए गाड़ियों की जरूरत होती है। रांची डीटीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि चुनाव कराने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था लगभग हो चुकी है। इन वाहनों में स्कॉर्पियो, सूमो और इनोवा शामिल हैं। अब तक जिला में लगभग 200 कार सीज किए गए हैं। वाहन मालिकों को 9 मई को मोरहाबादी मैदान में गाड़ी जमा करने को कहा गया है। साथ ही पोलिंग पार्टी के लिए बस की आवश्यकता होती है। इसके लिए स्कूलों से बस लिया जा रहा है। वहीं प्राइवेट बस को पुलिस लाइन द्वारा सीज किया जा रहा है।

यहां बता दें कि गाड़ी जमा करने के लिए जिन्हें भी फोन गया है और उन्होंने अब जमा नहीं किया है।

लोस चुनाव को लेकर आईजी अभियान ने की समीक्षा बैठक

RANCHI : लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आईजी अभियान की अध्यक्षता में रविवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई। जिसमें जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए। इस दौरान चुनाव को लेकर क्या-क्या तैयारी की गई है, और क्या कमियां रह गई है, इसे लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कई दिशा निर्देश भी दिए गए। गौरतलब है कि झारखंड में चौथे, पांचवे, छठवें और सातवें चरण में मतदान होगा। चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होगा। 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में पांचवे चरण का मतदान होगा। गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को छठवें चरण में मतदान होगा।

जेएमएम ने प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाला मामले में दायर चार्जशीट पर भाजपा को घेरा

झारखंड की पहली बीजेपी सरकार का काला चिट्ठा सबको पता था, अब जाकर हुआ खुलासा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कार्यकाल में हुए प्रथम जेपीएससी घोटाले में सीबीआई द्वारा पूर्व जेपीएससी अध्यक्ष समेत 37 लोगों के खिलाफ चार्टशीट दाखिल करने पर झामुमो ने भाजपा पर हमला बोला है।

झामुमो ने अपने एक्स हैंडल में लिखा है कि झारखंड में भाजपा की पहली ही सरकार का काला चिट्ठा सबको पता था। अब उद्भेदन भी हो गया। भाजपा बताये कि उस समय राज्य में किसकी सरकार थी। 20 साल राज कर सुनियोजित तरीके से भाजपा ने राज्य को पिछड़ा रखने का काम किया। आगे लिखा कि पिछले साढ़े चार साल से वह सत्ता से दूर हैं, इसलिए तिलमिलाये हुए हैं। भाजपा इसी षड्यंत्र में लगी हुई है कि कैसे सत्ता पाई जाए और राज्य को फिर लूटा जाए।

पहली-दूसरी जेपीएससी की परीक्षा में धांधली का लगा था आरोप

● भाजपा षड्यंत्र में लगी है कि कैसे सत्ता पाई जाए और राज्य को फिर लूटा जाए

झारखंड राज्य अलग होने के बाद जेपीएससी प्रथम और द्वितीय सिविल सेवा नियुक्ति में गड़बड़ी का मामला आया था। दोनों परीक्षाओं में धांधली का भी आरोप लगा था। कहा जा रहा था कि मंत्री से लेकर विधायक, सांसद और अफसरों ने अपने रिश्तेदारों और चहेतों को इस परीक्षा में पास करवाया था। उस समय यह मामला काफी तुल पकड़ा था। इसके बाद साल 2012 में झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई को इस मामले की जांच का आदेश दिया था। करीब 12 साल बाद अब जाकर सीबीआई ने अपनी जांच पूरी करने के बाद सीबीआई की विशेष कोर्ट में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, सदस्य गोपाल प्रसाद, राधा गोविंद सिंह नागेश, शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी के अलावे अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी समेत 37 के खिलाफ चार्टशीट दाखिल की है।

मोरहाबादी चिल्ड्रेन पार्क में की मीटिंग, मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप

आदिवासी-मूलवासी संगठनों ने पीएम मोदी के झारखंड दौरे को बताया विफल

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को मोरहाबादी चिल्ड्रेन पार्क स्थित में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने मीटिंग की। केंद्रीय सरना समिति सहित कई अन्य आदिवासी मूलवासी संगठनों ने नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे को विफल बताया। उनका भाषण सुनकर आदिवासी संगठनों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अदिवासी मूलवासी लोगों को असली मुद्दों से भटकाने के लिए झूठ और घृणास्पद भाषण का सहारा ले रहे हैं। उनका झारखंड दौरा पूरी तरह विफल रहा है। अजय तिर्की ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की कई समस्याएं हैं, जिनकी मांगें सालों से आदिवासी करते रहे हैं। आदिवासी सरना कोड, पेसा कानून, सीएनटी एक्ट से छेड़छाड पर रोक, आदिवासी की पलायन पर रोक लगे, ट्राइबल सब प्लान का पैसा सीधे ग्राम सभा को उपलब्ध कराया जाए। आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जरा बता दीजिए अच्छे दिन कब आऐंगे। कुंदररसी मुंडा ने प्रधानमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि अच्छे दिन कब आएंगे।

समाचार पत्रों की कटिंग दिखाते आदिवासी-मूलवासी संगठनों के सदस्य।

कांग्रेस-झामुमो ने रांची में प्रधानमंत्री के रोड शो को बताया फ्लॉप शो

RANCHI : झारखंड कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झारखंड में चुनावी रैलियों और रांची में उनके रोड शो को सुपर फ्लॉप करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता जगदीश साहू ने कहा कि राज्य की जनता को उम्मीद थी कि पीएम मोदी सरना धर्म कोड, जाति जनगणना, ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण जैसे मुद्दों पर अपनी और भाजपा की राय जनता के सामने रखेंगे, लेकिन हर बार की तरह वे अपने भाषण में पाकिस्तान में खोए रहे। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि वह कांग्रेस को ओबीसी विरोधी कहने लगे, जनता को अब उनकी बातों पर भरोसा नहीं है, इसीलिए रांची में रोड शो को जनता ने नकार दिया। रोड शो में जो भीड़ दिखी वह भाजपा द्वारा लाई गई थी, आम जनता ने पीएम के रोड शो को नकार दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बाद भाजपा में बढ़ा उत्साह

PHOTON NEWS RANCHI : पीएम मोदी के दो दिवसीय झारखंड दौरा सफल मान रही बीजेपी फीलगुड में है। चुनावी सभा के साथ-साथ रांची में रोड शो का चुनावी समर में प्रभाव पड़ने का दावा कर रही झारखंड बीजेपी जल्द ही दूसरे बड़े नेताओं की चुनावी सभा कराने की तैयारी में हैं। आने वाले समय में बीजेपी के बड़े नेताओं में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा शामिल है। जानकारी के मुताबिक योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा पलामू और खूंटी लोकसभा क्षेत्र में तय किया जा रहा है। इसके अलावे बीजेपी के जो बड़े नेता झारखंड के चुनावी समर में उतरने वाले हैं उनमें अमित शाह, राजनाथ सिंह आदि शामिल हैं। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता अनिमेष कुमार सिंह कहते हैं कि पीएम का चुनावी दौरा ऐतिहासिक रहा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई बड़े नेताओं का दौरा होगा जो जनता से सीधे संवाद कर मोदी सरकार की उपलब्धि को रखने का काम करेंगे।

बीजेपी प्रवक्ता अनिमेष कुमार सिंह।

भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में चौतरफा फंसी झामुमो की सरकार : प्रतुल शाहदेव

RANCHI : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा और हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंस गई है। झामुमो की मान्यता अब जनता ही समाप्त कर देगी। वे रविवार को रांची के मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका न सिर्फ खारिज किया है, बल्कि राजनीतिक बदले का जो आरोप लगाया गया था, उसे एक हारे हुए मुवक्किल की आखिरी कोशिश की संज्ञा दे दी। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी में यह भी कहा कि ईडी ने अब तक जितने साक्ष्य जुटाए हैं उसमें प्रथम दृष्टया हेमंत सोरेन की इस घोटाले में संलिप्तता उजागर होती है।

सुरक्षाबलों ने पिछले 16 महीनों में 15 को मुठभेड़ में मार गिराया, बैकफुट पर आए नक्सली

नक्सलियों के खिलाफ फ्रंट फुट पर अभियान चला रहे जवान

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद यह पहला अवसर है, जब जवान फ्रंटफुट पर अभियान चला रहे हैं और नक्सली बैकफुट पर हैं। एक तरफ सुरक्षाबलों ने पिछले 16 महीने के दौरान 15 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। वहीं 142 बड़े नक्सलियों को भी गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस की दबिश से परेशान होकर 52 नक्सलियों ने आत्मसमपर्ण किया। सुरक्षाबलों की तैयारी को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि अब झारखंड में नक्सली खत्म होने के कगार पर हैं। सुरक्षाबलों की ओर से नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान नक्सलियों को काफी नुकसान पहुंचा है। इस कार्रवाई से परेशान भाकपा माओवादी के नक्सली ग्रामीणों की हत्या कर रहे हैं। पिछले 16 महीने में नक्सलियों ने 20 ग्रामीणों की हत्या की है। साथ ही इस मुठभेड़ में सात पुलिस बल के जवान भी शहीद हुए हैं। इसके अलावा 36 मुठभेड़ की घटना हुई है। राज्य और केंद्र सरकार के एक ही पृष्ठ पर आने से क्षेत्र में परिस्थितियां बदल रही है। जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय गृह सचिव और आईबी प्रमुख ने पिछले सप्ताह झारखंड समेत दस राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस निदेशकों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक की थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस बैठक में नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन को लेकर विचार विमर्श किया गया था।

झारखंड में सिर्फ 72 इनामी नक्सली बचे

झारखंड में अब सिर्फ 72 इनामी नक्सली बचे हैं। इसमें मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, असीम मंडल, प्रयाग मंडल, चमन उर्फ लंबू, लालचंद्र हेंब्रम, रघुनाथ हेंब्रम, अजय महतो, संतोष उर्फ विश्वनाथ, प्रकाश महतो, ब्रजेश गंझू, अनुज, मेहनत, संजय महतो, छोटू खेरवार, मार्टिन केरकेट्टा, आक्रमण गंझू, रामप्रसाद मारडी, नितेश यादव, रविंद्र गंझू, अमित मुंडा, बेला सरकार, पूनम, आरिफ, रणविजय महतो, मदन महतो, रामदयाल महतो, मृत्युंजय, पप्पू लोहरा, मनोहर गंझु, नीरज सिंह खेरवार, साहेबराम मांझी, विवेक यादव, सीताराम रजवार, गोदराय यादव,बिरसेन गंझू, श्याम सिंह सिंकू, बल्लू, सालुका कायम, नेशनल भुइयां, रंथू उरांव, गुलशन मुंडा, सहदेव महतो,रविंद्र यादव, लवलेश गंझू, जयंती, प्रभात मुंडा, प्रभात गंझू, सुखलाल बिरजिया, बैजनाथ गंझू, पंकज कोरवा, कुंवर मांझी, बिरेन सिंह, बलराम लोहरा, सागेन अंगरिया, करीम, बाबूलाल जी, ब्रजेश मांझी, पवन मांझी, अमृत, रामचंद्र यादव, राहुल चंपिया, सुलेमान हांसदा, फिरोज अंसारी, विरेंद्र गंझू, सैमुअल बुध, पांचा उरांव, संतोष गंझू, मीता उर्फ नयनतारा, सहेंद्र यादव, लक्ष्मण राय, अमोज मोदक, कृष्णा यादव, गुलशन उरांव, बबलू,राजू यादव शामिल हैं।

झारखंड से बाहर जाने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग, यात्रियों की बढ़ी भीड़

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड समेत पूरे देश में गर्मी अपने चरम पर है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए झारखंड सरकार की ओर से विद्यालयों में आठवीं तक के बच्चों के लिए क्लास सस्पेंड कर दिया गया है। अन्य वर्ग के विद्यार्थियों की भी छुट्टी जल्द शुरू होगी। ऐसे में अगर आप भी गर्मी की छुट्टियां मनाने के लिए कहीं बाहर जाना चाहते हैं तो आपको ट्रेन के टिकट की वर्तमान स्थिति जान लेना चाहिए। क्योंकि इस समय लोगों में ट्रेन की टिकट बुक कराने की होड़ मची है। आलम ये है कि जसीडीह के रास्ते चलने वाली लगभग सभी लंबी दूरी की ट्रेनों में भारी भीड़ हो रही है। भारी भीड़ के चलते यात्रियों को सफर करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे कई समर स्पेशल ट्रेनें भी चला रहा है। अबतक करीब एक दर्जन से अधिक ट्रेनों की सूचना जारी की जा चुकी है, इसके बावजूद लोगों को आसानी से टिकट नहीं मिल पा रहा है। झारखंड में जसीडीह के रास्ते चलने वाली लगभग सभी लंबी दूरी की ट्रेनों में इन दिनों यात्रियों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल पा रही है। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। गर्मियों के दौरान घूमने और अपने घरों पर अवकाश मनाने जाने वाले रेल यात्रियों को रेलवे की ओर से संचालित समर स्पेशल ट्रेनों में भी टिकट के लिए तत्काल लेना पड़ रहा है। वहीं ट्रेनों में अधिक भीड़ रहने के कारण यात्रियों को ट्रेनों में बर्थ नहीं मिलने पर ट्रेन में नीचे पर बैठक कर यात्रा करने लगे हैं। साथ ही ट्रेनों पर यात्रियों को सवार होने में भी परेशानी हो रही है। वहीं गर्मी अधिक होने के कारण छोटे बच्चों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। ऐसे में यात्री बाहर घूमने जाने के हर दिन टिकट काउंटर पर तत्काल के लिए लंबी कतार लगाये खड़े रहते हैं।

राष्ट्र की प्रगति के लिए करें मतदान

जमशेदपुर में मतदान पत्र बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर लगातार जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय धालभूम स्वीप की ओर से रविवार को दीप प्रज्वलित कर लोगों से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की गई।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की वार्षिक पत्रिका का लोकार्पण

PHOTON NEWS JSR: बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में रविवार को अखिल भारतीय साहित्य परिषद की वार्षिक पत्रिका ह्यवाग्यधाराह्न का लोकार्पण हुआ। इयके साथ ही साथ शहर के साहित्यकारों का सम्मान सह काव्य सम्मेलन भी हुआ। अंजिला गुप्ता, मंजू ठाकुर, जयंत श्रीवास्तव, गोविंद दोदराजका, प्रसेनजित तिवारी, इंदर अग्रवाल को भी सम्मनित किया गया। काव्य सम्मेलन में शहर के जाने माने साहित्यकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें शेषनाथ सिंह शरद, लखन विक्रांत, क्षमा दूबे, संतोष चौबे, राजेंद्र साह राज, माधुरी मिश्रा, अंजू केशव, मनीष वंदन, नीता सागर चौधरी, बालकृष्ण, पूनम शर्मा स्नेहिल, दीपक वर्मा, सूरज सिंह, शशि ओझा, शिप्रा सैनी, मामचंद बसंत प्रमुख रहे। इस दौरान श्यामल सुमन, के.के. कमल, डॉक्टर संजय, बलविंदर सिंह, अजय मुस्कान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ अंजिला गुप्ता, प्रसेनजित तिवारी, गोविंद दोदराजका के साथ रागिनी भूषण, इंदर अग्रवाल और शैलेंद्र पांडेय शैल मंचसीन रहे। स्वागत भाषण शैलेंद्र पांडे 'शैल', कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सिंह, काव्य गोष्टी का संचालन सोनी सुगंधा और धन्यवाद ज्ञापन अनिता निधि ने किया।

कार्यक्रम में मौजूद साहित्य प्रेमी • फोटोन न्यूज

गांजा तस्करी का सरगना गिरफ्तार, भेजा गया जेल

PHOTON NEWS POTKA : पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड से गांजा तस्करी का मुख्य सरगना गिरफ्तार किया गया है। कोवाली थाना क्षेत्र निवासी मोतीलाल साहू पांच साल से क्षेत्र के होटलों एवं दुकानों में गांजा सप्लाई करता थो इसके कारण थाना क्षेत्र के युवा नशा के आदी होते जा रहे थे कोवाली थाना की पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि युवा पीढ़ी नशे के आदी होते जा रहे हैं

इस मामले को लेकर कोवाली थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान द्वारा एक टीम का गठन किया गया, जिसके बाद 22 अप्रैल को प्रधान होटल में छापामारी कर सुकू महाकुड़ को गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इसके बाद गांजा कारोबार के मुख्य सप्लायर की गिरफ्तारी को लेकर कोवाली पुलिस लगातार छापामारी कर रही थी इस बीच ओडिशा के तिरिंग थाना क्षेत्र के तिरिंग से गांजा सप्लायर के मुख्य आरोपी मोतीलाल साहू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई। इसके बाद कोवाली थाना की पुलिस नेआरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

कोवाली थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि कोवाली थाना क्षेत्र में मोतीलाल द्वारा गांजा सप्लाई किया जा रहा था। उम्मीद है कि इसकी गिरफ्तारी से नशीले पदार्थ के कारोबार में कमी आएगी। इसके साथ ही इस अभियान को और तेज करते हुए इसमें जो भी लोग शामिल हैं, उन सभी लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि क्षेत्र में नशा का कारोबार रोका जा सके।

आरोपी के साथ पुलिस अधिकारी • फोटोन न्यूज

सोनारी गुरुद्वारा पहुंचे झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती, चखा लंगर

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर लोकसभा सीट को लेकर सभी प्रत्याशी अपने वोट के लिए लोगों के घर तक पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में जमशेदपुर लोकसभा से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी समीर महंती रविवार को सोनारी गुरुद्वारा पहुंचे। यहां गुरुद्वारा में मत्था टेक सिख समुदाय से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी भी मौजूद रहे। इस दौरान गुरुद्वारा के प्रधान तारा सिंह, सीजीपीसी के पूर्व प्रधान गुरमुख सिंह मुखे और सिख समुदाय के सैकड़ों लोगों ने झामुमो प्रत्याशी का समर्थन करते हुए, जीत दिलाने का दावा किया।

समीर महती ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि गरीब के बेटे को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। लगातार हम जनता के बीच जा रहे हैं और उनके मुद्दों और समस्या को उठा रहे हैं। यह चुनाव मै नहीं जमशेदपुर की जनता लड़ रही है।

तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, महिला गंभीर

दुर्घटना स्थल पर पड़ी स्कूटी • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: बिष्टुपुर थाना अंतर्गत ओ रोड स्थित जी टाउन क्लब के पास रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट में लिया। कार इतनी रफ्तार में थी कि स्कूटी सहित एक क्वार्टर में जा घुसी। इस घटना में स्कूटी सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इस टक्कर में क्वार्टर की दीवार भी टूट गई। इधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और घायल महिला को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पाकर बिष्टुपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में लेकर थाने चली गई। पुलिस ने कार और स्कूटी को भी जब्त कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, कार ओ रोड से होते हुए जी टाउन मैदान की ओर जा रही थी, जबकि स्कूटी सवार महिला जी टाउन मैदान से होते हुए ओ रोड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान कार अनियंत्रित हो गई और स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट में लेते हुए सड़क किनारे क्वार्टर में जा घुसी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दलमा के जंगल में लगी भीषण आग

JAMSHEDPUR : गर्मी के मौसम में जंगलों में अक्सर आग लगती है। इस बार भी दलमा के जंगल में भीषण आग लगी है। अब यह आग किसी ने शरारत से लगाई है या अपने आप लगी है, कहना मुश्किल है। जो भी हो, वन विभाग इसे बुझाने का प्रयास नहीं कर रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि डिमना चौक से घाटशिला के रास्ते दलमा के जंगल में लगी आग भयावह दिखती है।

ट्रैफिक पुलिस को बांटा छाता

JAMSHEDPUR : प्रचंड गर्मी में शहर के चौक-चौराहों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने वाले ट्रैफिक पुलिस के जवानों के बीच छाता, घड़ा, तौलिया आदि का वितरण किया गया। जमशेदपुर पुलिस और सामाजिक संस्था मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी द्वारा रविवार को साकची थाना में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसएसपी किशोर कौशल मौजूद रहे।

कांग्रेस का घर-घर जनसंपर्क प्रारंभ

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के आह्वान पर कांग्रेस घर-घर जनसंपर्क बिरसानगर से प्रारंभ हो गया। बिरसानगर प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष संजय घोष के नेतृत्व में रविवार को बिरसानगर के 250 घरों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें 'कांग्रेस पार्टी का गारंटी पत्र' देकर प्राप्ति रसीद भरा गया। संजय घोष ने कहा कि कांग्रेस के प्रति लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। अधिकांश लोगों ने कांग्रेस पार्टी का झंडा भी घर-घर पहुंचाने का आग्रह किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती को वोट देने के लिए अपील भी की। जनसंपर्क अभियान में एल सोनाराम, संजय तिवारी, प्रबल बारी सहित अन्य कांग्रेसजन भी शामिल हुए।

बालू का अवैध परिवहन करते तीन डंपर जब्त, सीओ ने कसा शिकंजा

PHOTON NEWS POTKA: ओडिशा से बिना चालान के तिरिंग बॉर्डर होते हुए पूर्वी सिंहभूम जिले, खासकर जमशेदपुर में बालू का अवैध कारोबार लगातार जारी है। एक दिन पहले शनिवार को ही एसडीओ धालभूम पारुल सिंह ने एनएच-33 और छोटा गोविंदपुर से बालू लदा दो डंपर जब्त किया था। इसमें पता चला था कि रात में ओडिशा से होते हुए जमशेदपुर में बालू आता है।

इस बात की सूचना पोटका की अंचल अधिकारी निकिता बाला को भी मिल रही थी। शनिवार रात की घटना के बाद उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर अंचल अधिकारी ने रविवार सुबह 5 बजे रसूनचोपा मध्य विद्यालय के समीप कोवाली थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान एवं पुलिस बल के साथ छापामारी की गई। इस छापामारी के दौरान तीन डंपर अवैध बालू पकड़ा गया। तीनों डंपर में बिना चालान के ही ओडिशा से झारखंड में बालू लाया जा रहा। इस बीच पुलिस को देखते ही ड्राइवर वाहन छोड़कर भाग निकले।

सीओ निकिता बाला ने वाहनों को जब्त करते हुए कोवाली थाना के सुपुर्द कर दिया। इस मामले में एमडीडीआर एक्ट के तहत बिना चालान के बालू का अवैध कारोबार करने वाले वाहन मालिकों पर कोवाली थाना में मामला दर्ज किया गया है।

सीओ निकिता बाला ने कहा कि बिना चालान के अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जाएगा। जो भी लोग इसमें दोषी पाए जाएंगे, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

छापेमारी करतीं अंचल अधिकारी निकिता बाला • फोटोन न्यूज

न्यूज ब्रीफ

टांगरपाली में योगेश सिंह ने किया चुनाव प्रचार

SUNDARGARH : सुंदरगढ़ सदर विधानसभा क्षेत्र के बीजू जनता दल के विधायक प्रत्याशी योगेश कुमार सिंह ने रविवार को उज्जलपुर पंचायत के नुआमुंडा, टांगरपाली बस्ती, महूलपाली केनालपाली पंचायत के मुंडापाड़ा, महूलपाली पंचायत के बंधापाली माझीपाड़ा, सदर चौक, तसलाडीही पंचायत के कालोबहाल, रतनपुर पंचायत के ढाबाखोल, सुनाजोर, लायकेरा मे प्रचार किया। बीजू जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. दिलीप तिर्की एवं सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी योगेश कुमार सिंह को जिताने का अनुरोध किया।

प्रत्याशियों की बैठक आयोजित

ROURKELA : सदर उपखण्ड के सामान्य निरीक्षक, वित्त निरीक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक एवं नामांकन भरने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की चुनाव में सहयोग के साथ-साथ चुनाव व्यय एवं शांति व्यवस्था हेतु आज स्थानीय विकास भवन में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस पर्यवेक्षक दिलीप बालकृष्ण गौडे और विकास नोरवाल, वित्त निरीक्षक केके प्रसाद ने उम्मीदवारों को बताया कि उम्मीदवार अपने चुनाव खर्च को कैसे दर्ज कर सकते हैं, अतुल कुमार तिर्की और रामजी केथबंथु, पुलिस पर्यवेक्षक एम राजेश डी राव, जिला मजिस्ट्रेट सुंदरगढ़ पराग हर्षद गवली सहित तलसरा, सुंदरगढ़ और राजगांगपुर के रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे। बीजद प्रत्याशी दिलीप तिर्की, भाजपा प्रत्याशी जोएल ओराम समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी व उनके समर्थक उपस्थित थे।

राउरकेला विस चुनाव में उतरे 13 प्रत्याशी

ROURKELA : राउरकेला विधानसभा के नामांकन पत्रों की जांच के बाद राउरकेला निर्वाचन क्षेत्रों के उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित कर दी गई है। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों में भाजपा के उम्मीदवार दिलीप राय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वीरेंद्र नाथ पटनायक, बीजू जनता दल के सारदा प्रसाद नायक प्रमुख हैं, जबकि गैर-मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों में इंडियन सिटीजन पार्टी के कमल किशोर अग्रबल, भारतीय जावन किसान पार्टी से नलिनी कांत दास, नेशनल उपानी पार्टी से विश्व भूषण महंत, आजसू पार्टी से मिलन चंद्र महंत, कोसल जनता दल से स्वरूप मिश्रा, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार निहार राय, ध्रुव चरण बेहरा, थॉमस बाथोलोमिनो डुंगडुंगऔर विश्वनाथ लाकड़ा हैं। अगले 6 दिनों के भीतर इन 13 उम्मीदवारों में से कोई भी अपना नामांकन पत्र वापस ले लेता है तो उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित कर दी जाएगी।

भाजपा विधायक प्रत्याशी दुर्गा तांती ने की बैठक

ROURKELA : काली मंदिर कमेटी की ओर से रविवार को काली मंदिर परिसर में अध्यक्ष प्रशांत कुमार पाढ़ी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के रघुनाथपल्ली विधायक प्रत्याशी दुर्गा तांती के साथ बैठक की। मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य निमायु चरण राय ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार पाढ़ी, वरिष्ठ सदस्य निमायु चरण रॉय और साधु चरण स्वाई, कोषाध्यक्ष रंजन कुमार पुष्टि ने मंदिर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इस बैठक में भाजपा के संस्थापक सदस्य व जिला प्रवक्ता गंगाधर दास, जिला महासचिव सुब्रत पटनायक, जिला सचिव अजय कंसारी व सस्मिता पाढ़ी, मंडल अध्यक्ष मनोज सेनापति, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनीता मोहिनी आदि उपस्थित थे।

विधायक उम्मीदवार दिलीप राय का हुआ स्वागत

ROURKELA : भारतीय जनता पार्टी के राउरकेला विधायक व पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय का शहर के बिरसा डाहर रोड में अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर दिलीप राय का स्वागत बाजा-ढोल के साथ एवं फूल-माला पहनाकर किया गया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें माला पहनाया । प्रत्याशी दीलिप राय ने मंदिर के विकास में पूरा सहयोग देने का वादा किया। दिलीप राय के साथ अमिताभ सामल, केदार मोहंती समेत अन्य भाजपा नेता भी थे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों में सरजू अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, विकास , दीपक शर्मा, सुनील अग्रवाल, सोहन जैन, ब्योमकेश, सुरेखा, अरविंद शर्मा, योगेश शर्मा, भानु साहू, गुरुमीत सिंह, राकेश झा, विकास राउत, दीपक प्रसाद राजन भोई की सक्रिय भागीदारी मंदिर समिति के उपस्थित थे।

टाटा स्टील एआईटीए टेनिस टूनार्मेंट आज से

JAMSHEDPUR : टाटा स्टील एआईटीए पुरुष राष्ट्रीय रैंकिंग टेनिस टूनार्मेंट 6 से 10 मई के बीच जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने जा रहा है। अखिल भारतीय टेनिस संघ द्वारा अपने नवनिर्मित डेको टर्फ कोर्ट में यह टूनार्मेंट हर दिन सुबह 07:30 बजे से मैच खेले जाएंगे। अगले दिन के लिए हर शाम 6:00 बजे तक मैच का शेड्यूल तैयार कर लिया जाएगा।

NEET 2024 : जमशेदपुर में 6 केंद्रों पर 3760 ने दी परीक्षा, 117 रहे अनुपस्थित

एग्जाम शुरू होने से ढाई घंटा पहले केंद्र के गेट हो गए बंद

PHOTON NEWS JSR: नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित नीट 2024 की परीक्षा रविवार को जमशेदपुर के 6 परीक्षा केंद्रों पर हुई। इसमें करीब 3760 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि लगभग 117 अनुपस्थित रहे। परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू होकर शाम 5.20 बजे तक चली, लेकिन परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश सुबह 11 बजे से 1.30 बजे ही करा दिया गया था। ऐसे में सभी केंद्रों पर परीक्षार्थी व उनके अभिभावक सुबह 10 बजे ही पहुंच गए थे।

सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक व कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न हुई। नीट की परीक्षा में इस साल का पेपर पिछले साल की तुलना में थोड़ा टफ था। परीक्षा देकर बाहर निकलने वाले परीक्षार्थियों ने बताया कि फिजिक्स व केमेस्ट्री के प्रश्न थोड़े लेंदी थे। वहीं बायोलॉजी के पेपर के प्रश्नों को अधिकतर छात्रों ने आसान बताया। मालूम हो कि देश के मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन के लिए यह परीक्षा आयोजित होती है। इसका परिणाम मई के अंतिम या जून के पहले सप्ताह में जारी होने की संभावना है।

परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद परीक्षार्थियों की भीड़ • फोटोन न्यूज

इस बार परीक्षा पैटर्न में नहीं हुआ था बदलाव

नीट यूजी में इस वर्ष भी किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। प्रश्न पत्र कुल 720 अंकों का था। प्रश्न पत्र में कुल 4 खंड (फिजिक्स, केमिस्ट्री, जूलॉजी एवं बॉटनी) होंगे। प्रत्येक खंड के सेक्शन ए से 35 प्रश्न हल करने होंगे। वहीं सेक्शन बी में दिए गए 15 प्रश्नों में से कुल 10 प्रश्न हल करने होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक निर्धारित किए गए हैं। इस परीक्षा के लिए एनटीए की ओर से नेगेटिव मार्किंग भी रखी गई है। गलत उत्तर देने पर एक चौथाई यानी 1 अंक की कटौती की जाएगी।

अंगूठी व चेन तक उतरवा ली गई

नीट परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षार्थियों को संघन जांच से गुजरना पड़ा। छात्राओं की कान की बाली, अंगूठी, चेन तक उतरवा लिया गया। इसकी वजह से परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस जांच की वजह से उन्हें करीब 30 से 40 मिनट तक कड़ी धूप के बीच लाईन में लगना पड़ा।

14 जून को घोषित होगा रिजल्ट

परीक्षा संपन्न होने के बाद एनटीए की ओर से आंसर-की जारी की जाएगी। प्रोविजनल आंसर-की पर दर्ज आपत्तियों के निराकरण के बाद एनटीए फाइनल उत्तर कुंजी के आधार पर रिजल्ट की घोषणा करेगा। रिजल्ट 14 जून को घोषित किया जाएगा, जिसके बाद स्टूडेंट्स एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट exams.nta.ac.in/NEET पर जाकर अपने नतीजे चेक कर सकेंगे।

नीमडीह में पानी के लिए हाहाकार सभी चापाकल व जलमीनार खराब

पानी के लिए जिला परिषद सदस्य के कार्यालय पहुंचे ग्रामीण • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS POTKA: पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत गांगडीह पंचायत के नीमडीह में तीन चापाकल एवं एक जलमीनार के खराब हो जाने से पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण तालाब का पानी पीने को विवश हो रहे हैं। खराब चापाकल एवं जलमीनार की मरम्मत को लेकर वार्ड सदस्य नुनी सरदार के नेतृत्व में 5 किलोमीटर पैदल चलकर गांव की महिलाएं, पुरुष आदि जिला परिषद के सदस्य सूरज मंडल के कार्यालय पहुंचे एवं पानी को लेकर गुहार लगाई। इस मामले को लेकर जिला परिषद सूरज मंडल द्वारा बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी एवं पीएचडी विभाग को मामले की सूचना दी गई, जिसके बाद ग्रामीणों से मिलने बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी वहां पहुंचे। उन्होंने चापाकल को जल्द ठीक करा कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। नुनी सरदार एवं रानी सरदार ने कहा कि गांव के सभी चापाकल एवं जलमीनार खराब हो चुके हैं। इसके कारण हम सब तालाब का पानी पीने को विवश हैं। 3 किलोमीटर दूर सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड से हम लोगों को पानी लाने के लिए जाना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए हम सब पांच किलो मीटर पैदल चलकर जिला परिषद कार्यालय पहुंचे, जहां खराब चापाकल एवं जलमीनार की मरम्मत की मांग की गई।

10 दिन बाद श्रीकृष्ण सेतु के पाया में लटकी मिली लाश, मां-चाचा गिरफ्तार; पिता और दादा फरार

मुंगेर। मुंगेर से ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टीकारामपुर धौताल महतो टोला का है। जहां प्रेम प्रसंग के कारण परिवार के सदस्यों ने ही 13 वर्षीय बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में मृतक किशोरी की मां और चाचा को गिरफ्तार किया है। वहीं, पिता और दादा की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने किशोरी की बॉडी शनिवार को श्रीकृष्ण सेतु के पाया में लटका हुआ बरामद किया है। शव 10 दिनों से पाया में ही फंसा था। 25 अप्रैल को परिवार वालों ने ही किडनैपिंग की ऋक्क दर्ज कराई थी। पिता ने दर्ज कराया था अपहरण का मामला टीकारामपुर धौताल महतो टोला निवासी अनोज सिंह ने मुफस्सिल थाना में बेटी के अपहरण को लेकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। बताया कि 25 अप्रैल की रात उसकी 13 साल की नाबालिग बेटी को गांव के ही राजीव कुमार बाइक पर बैठाकर भाग गया। सुबह उसके घर पर शिकायत करने गए तो रीता देवी, अंगद कुमार सहित अन्य लोग तलवार लेकर मारने दौड़े। हम लोग जान बचाकर वहां से भाग निकले। पिता अनोज सिंह के आवेदन पर मुफस्सिल थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान ऑनर किलिंग की आशंका हुई वहीं, जब पुलिस गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने बताया कि 25 अप्रैल की रात अनोज सिंह का परिवार अपनी नाबालिग बेटी को ई-रिक्शा पर लाद कर कहीं ले जा रहा था। तब पुलिस को ऑनर किलिंग की आशंका हुई। खोजते हुए पुलिस उस ई-रिक्शा चालक तक पहुंच गई। टोटो चालक ने खोला राज टोटो चालक ने पुलिस को बताया कि उन लोगों ने उससे कहा कि बेटी की तबीयत खराब है। बेगूसराय इलाज के लिए ले जाना है। जब वह श्रीकृष्ण सेतु पर पहुंचा तो टोटो रोक कर बच्ची को पुल के नीचे फेंक दिया। साथ ही उसको धमकी दी थी कि वह किसी को कुछ नहीं बताएगा, नहीं तो अंजाम बुरा होगा। प्रेम प्रसंग की वजह से हत्या पुलिस ने किशोरी की मां रूणा देवी और चाचा गुलशन कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान रूणा देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी का पड़ोस के ही राजीव कुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 25 अप्रैल की रात बेटी को राजीव के साथ परिवार वालों ने देखा, जिसके बाद पूरे परिवार ने मिलकर बेटी की गला दबाकर मार डाला। इसके बाद शव को टोटो पर लेकर गंगा में फेंक दिया। मां-चाचा गए जेल, पिता-दादा की तलाश में जुटी पुलिस प्रशिक्षु आईपीएस सह मुफस्सिल थानाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों के लिखित आवेदन पर नाबालिग बेटी के अपहरण का मामला दर्ज किया था। जांच में पता चला कि यह अपहरण नहीं, बल्कि ऑनर किलिंग का मामला है। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया है। पुलिस ने श्रीकृष्ण सेतु के नीचे एक पाया में बना क्रॉस से लटका हुआ बच्ची का शव बरामद किया।

पटना में हॉट-डे की चेतावनी; 6 से 11 मई तक बारिश की संभावना

पटना। बिहार के कई जिले अभी भीषण गर्मी की चपेट में हैं। तेज धूप, लू और हीट वेव से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आज राज्य का मौसम शुष्क बना रहेगा। हालांकि, 6 मई से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।मौसम विभाग ने प्रदेश में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने आज 12 जिलों में लू का चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, मुंगेर, जमुई, बांका, भागलपुर, अररिया, पूर्णिया, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज शामिल है। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। हालांकि, पटना समेत उत्तर एवं दक्षिण बिहार के अन्य जिलों में हॉट-डे यानी लू की स्थित बनी रहेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान 42.3 डिग्री तापमान के साथ बक्सर सबसे ज्यादा गर्म रहा। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान भी 38 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। 6 से 11 मई तक कई जिलों में होगी बारिश मौसम विभाग की ओर से 6 से 11 मई तक बिहार के कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ बूंदाबांदी और ठनका गिरने की आशंका जताई गई है। इसको लेकर एडवाइजरी भी जारी की गई है। बिहार के पूर्वी हिस्से में पुरवा हवा का प्रवाह बढ़ना शुरू हो गया है। धीरे-धीरे पूरे राज्य में नमीयुक्त पुरवा हवा का प्रवाह बढ़ेगा। इससे अधिकांश हिस्सों में अगले हफ्ते हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने के आसार हैं। किसानों के लिए एडवाइजरी जारी विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि किसान अपनी कटी हुई फसलों का सुरक्षित भंडारण कर लें। साथ ही खराब मौसम में पेड़ और खंभों के नीचे न खड़े रहें। ऐसे समय में पक्के मकान में शरण लें। खेतों में खड़ी फसलें और फलदार पेड़ों को भी नुकसान पहुंच सकता है।

तेजस्वी यादव ने अनंत सिंह के पेरौल पर कसा तंज, कहा- गोधरा कांड पर PM को अटल जी की बात माननी चाहिए

दरभंगा। मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह पैरोल पर बाहर निकले हैं। उनके बाहर आते ही बिहार में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। पूर्व डिप्टी CM तेजस्वी यादव ने NDA गठबंधन पर तंज करते हुए कहा कि जब तक अनंत सिंह हमारे साथ थे, तब तक वो अपराधी थे। वहीं अब अनंत सिंह जनता दल यूनाइटेड में चले गए हैं, तो संत हो गए हैं। तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री के दरभंगा चुनावी जनसभा के दौरान गोधरा लालू यादव पर किए गए कटाक्ष पर पलटवार करते हुए तेजस्वी ने कहा कि गोधरा कांड में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किस पर गुस्सा निकाला था ? वाजपेयी ने कहा था कि राजधर्म का पालन करो। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी बात नहीं तो, अटल जी की बात को मान लो। कल प्रधानमंत्री ने दरभंगा में कहा था कि ठऊ्अ प्रत्याशी को वोट दीजिए, ताकत मोदी को मिलेगा। तेजस्वी ने कहा कि कर्नाटक में बलात्कारी जिसने 3 हजार लोगों का शोषण किया, उसके समर्थन में यही बोले थे। जमीन-जायदात के बंटवारे के लिए मिला पैरोल गृह मंत्रालय ने अनंत सिंह को अपनी पुश्तैनी जमीन-जायदात के बंटवारे के लिए 15 दिनों की पैरोल पर रिहा करने का निर्देश दिया है। ऐसे में मुंगेर लोकसभा सीट पर 13 मई को होने वाले मतदान से पहले अनंत सिंह का जेल से बाहर आना बेहद अहम माना जा रहा है। अनंत सिंह मौजूदा वक्त में पटना के बेऊर जेल में सजा काट रहे हैं।

सभी नवजात स्वस्थ, किशनगंज में 20 साल की उम्र में बनीं 6 बच्चों की मां

किशनगंज (बिहार)। किशनगंज में शनिवार की रात महिला ने एक साथ 5 बेटियों को जन्म दिया है। यह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सभी बच्चियां 1 किलो के अंदर बताई जा रही हैं और सभी स्वस्थ है। महिला पहले से तीन साल के बेटे की मां है। अब उसके 6 संतान हो गए। परिवार में एक साथ पांच बेटियों के आने को लेकर परिजनों में उत्सव का माहौल है। मामला पोठिया प्रखंड का है। यहां एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव पीड़ा होने पर महिला भर्ती हुई थी। महिला की पहचान ठाकुरगंज कनकपुर पंचायत के जालमिलिक गांव निवासी ताहिरा बेगम (20) के रूप में हुई है। एक साथ 5 बच्चों की बात सुनकर मैं डर गई थी- ताहिरा ताहिरा ने कहा कि जब मैं 2 माह की गर्भवती थी, तब मुझे पता चला कि मेरे पेट में चार बच्चे हैं। बाद में डॉक्टर के पास चेकअप करवाने गई तो मुझे पता चला कि पांच बच्चे हैं। इसके बाद मैं डरने लगी। डॉक्टर ने मुझे आश्वासन दिया कि डरने की बात नहीं है। केस चैलेंजिंग था- डॉक्टर डॉक्टर फजार्ना ने बताया कि बहुत मुश्किल से ऐसे केस सामने आते हैं। अल्ट्रासाउंड में पता चला की पेशेंट के पेट में 5 बच्चे हैं। जैसे ही पेशेंट को पता चला, वो घबरा गई थी। पेशेंट को अच्छे से इंकरेज किया। साथ ही हम लोगों के लिए भी ये केस चैलेंजिंग था। बाकी रूटीन चेकअप के लिए वो आती थी। पेशेंट और उसकी बच्चियां स्वस्थ आज सुबह जब उसको लेबर पेन हुआ तो उसकी डिलीवरी कराई गई। इस दौरान पेशेंट को 5 लड़कियां हुई। अब पेशेंट को हायर सेंटर भेजा है। नार्मल डिलीवरी हुई है। पेशेंट और उसकी बच्चियां दोनों स्वस्थ है। केस चैलेंजिंग होने के बावजूद सूझबूझ के साथ बच्चों की डिलीवरी हो गई।

मोदी के बयान पर तेजस्वी का पलटवार; पूछा- काम की बात कब करेंगे

पटना पीएम मोदी के शहजादे वाले बयान पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी याद ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री हैं, कुछ भी बोल सकते हैं। अगर हम शहजादे हैं तो वो पीरजादे (बुजुर्ग) हैं। वे बुजुर्ग हैं। उनका हक है वे कुछ भी बोल सकते हैं, लेकिन वे झूठ अधिक बोलते हैं। काम की बात होनी चाहिए। मिथिला के लोग बहुत प्रबुद्ध लोग हैं। वे काम की बात सुनना चाहते हैं। तेजस्वी ने ये भी कहा कि बिहार में बीजेपी की हालत बहुत खराब है। लोग झूठे वादों से ऊब चुके हैं। बता दें कि कल दरभंगा में पीएम मोदी की सभा हुई। जहां उन्होंने बिना नाम लिए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने इशारों-इशारों में दोनों नेताओं को 'शहजादा' कहा था। दरभंगा एम्स को लेकर कसा तंज तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि 17 साल से बिहार में एनडीए की सरकार है। झंझारपुर हो, मधुबनी हो, दरभंगा हो.. लगातार एनडीए के सांसद रहे, लेकिन पीएम मोदी यहां के लिए कुछ नहीं किया। जब पीएम नरेंद्र मोदी आए तो वे दरभंगा एम्स देखने भी चले जाते। लोग ढूंढ रहे हैं कि एम्स कहां हैं? पता नहीं प्रधानमंत्री को कौन जानकारी देता है कि यहां एम्स बन गया। एम्स के लिए जमीन तो हमने दी थी। लोग पीएम के झूठे वादों से ऊब चुके 17 महीने की सरकार में डीएमसीएच का अलग से विस्तार जो 2500 बेड का किया गया। इस पर काम भी अब चल रहा है। इस बार बीजेपी की बिहार में हालत खराब है। लोग पीएम के झूठे वादों से ऊब चुके हैं। लोग भी बोल रहे हैं, काम की बात कीजिए। बिहार के लिए क्या किया। यहां से 39 सांसद हैं उनके, ना विशेष राज्य का दर्जा मिला, ना स्पेशल पैकेज। लालू बोले-यह चुनाव मरने का नहीं ज़िंदा रहने की लड़ाई का इधर लालू यादव ने सोशल मीडिया के जरिए पीएम पर निशाना साधा है। मोदी सरकार आया तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा मोदी सरकार आया तो आरक्षण समाप्त कर देगा।मोदी सरकार आया तो युवा बिन नौकरी मर जाएगा मोदी सरकार आया तो तो नौजवान बिन रोजगार मर जाएगा। मोदी सरकार आया तो किसान अपना अधिकार मांगते मांगते मर जाएगा। मोदी सरकार आया तो इनके वर्षों से अधिक नफरत एवं विभाजन और अधिक बढ़ जाएगा।

भागलपुर में एंबुलेंस और ऑटो के बीच टक्कर, चार जख्मी

भागलपुर। भागलपुर में रविवार को एंबुलेंस और ऑटो के बीच टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार चार लोग जख्मी हो गए। घटना जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नौलखा गेट के पास की है। इधर, पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों के अनुसार, एंबुलेंस रॉन्ग साइड से आ रही थी। इसी दौरान मनाली से सबौर की ओर जा रहे ऑटो में सामने से टक्कर हो गई। हादसे में एंबुलेंस और ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घायल ऑटो चालक मोहम्मद अली ने बताया कि ऑटो पर सवार पांच लोग थे। एंबुलेंस गलत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही थी और इसी दौरान हादसा हुआ। हादसे की सूचना के बाद तिलकामांझी पुलिस मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस और ऑटो को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

संक्षिप्त डायरी

समर्थकों से जमकर मतदान करने को कहा, 15 दिन की मिली है पैरोल

पटना। लोकसभा चुनाव के बीच मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार सुबह पैरोल पर जेल से बाहर आ गए हैं। उन्हें 15 दिन की पैरोल मिली है। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने दावा किया कि मुंगेर से एनडीए प्रत्याशी और जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह 5 लाख वोट से जीतेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से जोरदार वोट करने को भी कहा है। बता दें कि एके-47 रखने के केस में पूर्व विधायक को 10 साल की सजा पटना की बेऊर जेल में काट रहे हैं। आज सुबह करीब 4.45 बजे वो जेल से बाहर निकले। जहां उनके समर्थकों की भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही। जेल के बाहर आने पर अनंत सिंह का समर्थकों ने स्वागत किया है। बड़ी संख्या में उनके समर्थक पहुंचे और जेसीबी से फूलों की बारिश की। समर्थक शेरे बिहार जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पटना से लेकर मोकामा के बीच भी कई जगहों पर स्वागत किया गया। इसी दौरान अपने समर्थकों से बात करते हुए उन्होंने ललन सिंह को लेकर बयान दिया। बता दें कि मुंगेर लोकसभा सीट पर 13 मई को होने वाली वोटिंग से पहले अनंत सिंह जेल से बाहर आए हैं। ऐसे वक्त में उनका जेल से बाहर आना बेहद अहम माना जा रहा है। जमीन बंटवारे को लेकर मिली पैरोल पारिवारिक बंटवारे को लेकर अनंत सिंह ने कोर्ट से पैरोल मांगी थी। 5 साल में पहली बार उन्हें पैरोल मिली है। अनंत सिंह के बाहर आने के दौरान जेल के बाहर और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अनंत सिंह की पत्नी नीलम सिंह वर्तमान में मोकामा से विधायक हैं और फिलहाल एनडीए के साथ हैं। मुंगेर चुनाव से पहले 'छोटे सरकार' बाहर अनंत सिंह को उनके इलाके में लोग छोटे सरकार के नाम से जानते हैं। वो कभी नीतीश कुमार के बेहद खास हुआ करते थे। बाद में राजनीतिक कारणों से सीएम से दूर होते चले गए और लालू यादव के करीबी हो गए लेकिन अब एक बार फिर अनंत सिंह एनडीए के पाले में हैं। माना जा रहा है कि अनंत सिंह भले ही खुले तौर पर चुनाव प्रचार ना भी करें, तब भी वह अपने स्तर से जेडीयू के लोकसभा उम्मीदवार और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को फायदा पहुंचा सकते हैं। मुंगेर में चौथे चरण में वोटिंग होनी है। मुंगेर में ललन सिंह के सामने बाहुबली अशोक सिंह की पत्नी अनीता सिंह मुंगेर का लोकसभा चुनाव इस बार दिलचस्प होनेवाला है। एनडीए की ओर से यह सीट जदयू के खाते में है। यहां से जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह उम्मीदवार हैं। वहीं, दूसरी तरफ महागठबंधन की ओर से राजद ने कुख्यात अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को टिकट दिया है। वह लखीसराय जिले के बंशीपुर गांव की रहने वाली हैं। 5 बार विधायक रह चुके हैं अनंत सिंह अनंत सिंह मोकामा 5 बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें छोटे सरकार के नाम से भी जाना जाता है। 2005 में विधानसभा चुनाव से अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। अनंत सिंह किसी जमाने में सीएम नीतीश कुमार के बेहद करीबी थे। लेकिन बाद में संबंधों में खटास आ गई। अब जदयू से दुबारा संबंध ठीक हो गया है। यही वजह है कि उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद कोटे से मोकामा से विधायक है, जो हाल में जदयू के साथ आ गई है। 14 दिन पहले बिगड़ी थी तबीयत करीब 14 दिन पहले अनंत सिंह की तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें किडनी से संबंधित समस्या के बाद पटना के आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया था कि अनंत सिंह को किडनी से जुड़ी समस्या है। उनका क्रिएटिनिन लेवल भी बढ़ा हुआ है। इससे पहले भी अनंत सिंह को करीब एक साल पहले पीएमसीएच के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उसे समय उन्हें सांस लेने की समस्याएं से जूझ रहे थे। साथ ही उन्हें शरीर में दर्द और उल्टियां हो रही थी। जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें भर्ती कराया गया था। राजद के पूर्व विधायक की पत्नी अब जेडीयू के साथ अनंत सिंह की विधायकी खत्म होने के बाद उपचुनाव में उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद कोटे से मोकामा से ताल ठोंकी और वो वहां जीत भी गईं। लेकिन हाल ही में बिहार में हुए सत्ता परिवर्तन के दौरान नीलम सिंह ने पाला बदल लिया। वो राजद का साथ छोड़कर जदयू का साथ देने लगीं। फिलहाल मुंगेर से जदयू के लोकसभा कैंडिडेट ललन सिंह के लिए वो प्रचार प्रसार कर रही हैं। 10 साल सजा के बाद रद्द हुई थी सदस्यता मोकामा से आरजेडी विधायक रहे अनंत सिंह पर प्रतिबंधित हथियार अङ-47 रखने का आरोप साबित होने के बाद उन्हें कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। जिसके बाद वह पटना के बेउर जेल में बंद है। साथी इसके बाद उनके पटना स्थित सरकारी आवास पर इंसास राइफल, मैगजीन और बुलेट प्रूफ जैकेट बरामद होने के मामले में भी वे दोषी पाए गए थे। आपराधिक मामलों होने के बाद जुलाई 2022 में अनंत सिंह की सदस्यता भी रद्द कर गई थी।

मां-बेटी के खाते से अवैध रूप से पैसा निकासी

जमुई। जमुई के झाझा थाना क्षेत्र के रजला गांव की दो महिला के साथ CSP संचालक द्वारा खाते से अवैध रूप से पैसे निकासी करने का मामला सामने आया है। दोनों पीड़ित महिला आपस में मां-बेटी बताई जाती है। इस घटना के बाद पीड़ित महिला ने झाझा थाना और साइबर थाना की पुलिस को आवेदन देकर मामले की जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार झाझा थाना क्षेत्र की रजला गांव की रहने वाली बुर्जुग महिला जिरवा देवी का पीएम आवास योजना के तहत 40 हजार खाते में आया था। 7 हजार पूर्व में निकासी किया गया था। वहीं, खाते से 33 हजार की अवैध निकासी कर ली गई। वृद्ध महिला ने आवास बनाने के लिए गांव के सीएसपी संचालक अजय कुमार के पास फिंगर प्रिंट लगाया था। फिर बाद में जब पैसा निकालने के लिए सीएसपी गई तो उनके खाते में पैसे ही नहीं थे।

पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद पहुंचे सहरसा

सहरसा। बिहार के मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के सहरसा विधानसभा में पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद पहुंचे। यहां रविवार को मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के जदयू उम्मीदवार दिनेश चंद्र यादव के साथ रोड शो में भाग लिए। रोड शो में मंत्री जदयू के रत्नेश सदा, जदयू विधायक गूंजेस्वर साह, बीजेपी विधायक डॉ.आलोक रंजन झा, बीजेपी जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह सहित कई NDA के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं, रोड शो में शामिल पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि विपक्ष हताशा में है। भारत के मतदाता को तय करना है कि देश के अगले प्रधानमंत्री कौन होंगे। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10 सालों में अपने कुशल नेतृत्व से देश को ऊंचाई स्थान पर पहुंचने का काम किया है। लेकिन विपक्ष के पास प्रधानमंत्री का कोई चेहरा भी नहीं है। भारत के मतदाताओं को यह तय करना होगा कि वो विकासवाद की ओर जाएंगे या विनाशवाद के पक्ष में। स्पष्ट है कि पीएम मोदी के पक्ष में समाज का सभी तबका का लोग उनके साथ हैं। क्योंकि उन्होंने 10 सालों में भारत के विकास के लिए जिन योजनाओं को लागू किया है। आम मतदाताओं ने उसे महसूस किया है। उन्होंने ये भी कहा कि हमारे वरिष्ठ नेता बिहार सरकार के पूर्व मंत्री लगातार कोशी के विकास के लिए जिन्होंने लगातार संघर्ष किया है, दिनेशचंद्र यादव के पक्ष में मैंने देखा है पूरे मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में एक सकारात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल है।

तेजस फाइटर बनाने वाले वैज्ञानिक के गांव की पहचान नाव

अभिषेक झा। दरभंगा से 45 किलोमीटर दूर दो तटबंधों के बीच बसा गांव। इस गांव से तेजस फाइटर जेट बनाने वाले वैज्ञानिक और पहली महिला पायलट बनी हैं, लेकिन फाइटर प्लेन को उड़ान देने वाले के गांव की पहचान नाव है। हम बात कर रहे है बाऊर गांव की। यह गांव कमला बलान के तटबंधों के बीच बसा है, जिसकी आबादी 5 हजार और मतदाता 3 हजार हैं। इस गांव के डॉ. मानस बिहारी वर्मा स्वदेशी तेजस फाइटर जेट बनाने वाले वैज्ञानिकों की टीम में शामिल थे। वहीं, पहली महिला पायलट बैच में शामिल भावना कंठ भी बाऊर गांव की ही हैं। इसके बावजूद गांव की स्थिति नारकीय है। चुनाव में भी बाढ़ या मूलभूत सुविधाएं मुद्दा नहीं बनता है। फाइटर प्लेन को उड़ान देने वाले गांव की पहचान नाव है। इसकी वजह है कि कमला बलान नदी के बीच बसे इस गांव में बरसात के समय नाव ही सहारा होता है। दैनिक भास्कर रिपोर्टर तटबंधों के बीच बसे गांवों का हाल जानने वहां पहुंचे। जानिए पूरी कहानी.. दो तटबंधों के बीच बसे गांव में घूमते हुए कई लोग मिले। इन लोगों से बात करते ही उसका दर्द छलक जा रहा था। वे कहते हैं गांव पर गर्व हमें भी है। मानस बाबू ने बीज रोपा था, आज भावना आकाश को चूम रही है। लेकिन, आकाश के नीचे जमीन भी है, उतरना यहीं है। ग्रामीण कहते हैं कि तटबंध निर्माण के समय गांव वालों से दावा किया गया था पुनर्वास का, लेकिन हम लोगों को अब तक दूसरे जगह बसाया नहीं गया है। मजबूरन हम लोग नदी की पेट्टी में रहने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में गांव टापू में तब्दील हो जाता है। सड़कें डूब जाती हैं। स्कूलों में पानी भर जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। स्थिति यह है कि यहां के स्कूलों में गर्मी छुट्टी के साथ-साथ बाढ़ की छुट्टी दी जाती है। 6 महीने बाढ़ से रहते हैं प्रभावित गांव के रहने वाले अशोक और सुमन मिलते हैं। वे कहते हैं, बरसात के दिनों में गांव टापू बन जाता है। हम लोग गांव छोड़कर तटबंध पर शरण लेते हैं। गांव में आने-जाने के लिए नाव चलती है। उन्होंने कहा कि फसलें बर्बाद हो जाती है। फूस के घर बह जाते हैं। दुधारू पशुओं की मौत हो जाती है। यह पीड़ा सालों साल से लगातार चली आ रही है। सबको पता है। यहां क्या समस्या है, लेकिन समस्या का निदान कोई नहीं निकाल रहा है। थोड़ी दूर आगे बढ़ने पर गांव के ही रमन यादव मिलते हैं। वे कहते हैं कि इस गांव में बाढ़ की समस्या भयंकर है। करीब 6 महीना गांव बाढ़ से प्रभावित रहता है। इस दौरान तटबंधों के बीच रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। सरकारी पुनर्स्थापित करने का बार-बार आश्वासन देती है, लेकिन यहां इसका समाधान आज तक नहीं हो पाया है। तरुण लाल गुप्ता ने बताया कि कमला बलान नदी की पेट्टी में हम लोगों का गांव बसा है। हम लोगों ने यहां से पुनर्वास के लिए अंचल अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई है। लेकिन, कहीं हम लोगों की कोई सुनवाई नहीं हुई। आगे वह अपने गांव की उपलब्धि मानस बिहारी वर्मा भावना कंठ को याद करते हुए कहते हैं कि इन लोगों के होने के बावजूद भी इस गांव की दशा जस की तस बनी हुई है। पहली महिला फाइटर प्लेन उड़ने वाली भावना कंठ के घर के सामने पहुंचे। वहां उनके चाचा अतुल वर्मा मिले। उन्होंने कहा कि इस गांव के लोग जैसे-तैसे अपना जीवन यापन करते हैं। देश के गौरव मानस बिहारी वर्मा इसी गांव के हैं, इसके बावजूद किसी का कोई ध्यान नहीं है। चुनाव के समय में नेता आते हैं। वादा करके चले जाते हैं। इसके बावजूद ना यहां अच्छी शिक्षा व्यवस्था है और ना यहां अच्छी सड़क है। कौन हैं डॉ. मानस बिहारी वर्मा डॉ. मानस बिहारी वर्मा 1986 में तेजस फाइटर जेट विमान बनाने वाले वैज्ञानिकों की टीम में शामिल थे। डॉ. मानस बिहारी वर्मा ने इस टीम में बतौर मैनेजमेंट प्रोग्राम डायरेक्टर के रूप में अपना योगदान दिया था। महिला फाइटर पायलट्स की पहली बैच में भावना कंठ वर्ष 2015 में ही केंद्र सरकार ने इंडियन एयरफोर्स में महिला फाइटर पायलट की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। दो चरणों की ट्रेनिंग के बाद भावना को वर्ष 2018 में पहली बार MIG-21 फाइटर प्लेन उड़ाने का मौका मिला।

विपक्ष के टूलकिट मुद्दों की निकली हवा

मृत्युंजय दीक्षित

जन-जन के आराध्य प्रभु राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस पहले तो मुद्दे को लटकाने और भटकाने के लिए जी जान लगाती रही, इसमें असफल रहने पर अपने मुस्लिम तुष्टीकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार कर बैठी। उसके बाद राहुल गांधी व विपक्ष के नेता जनसभाओं में बयान देने लगे कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलित आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या में रामलला के दर्शन करके राहुल गांधी के इस झूठ का करारा उत्तर दिया। राम मंदिर के गर्भगृह में राष्ट्रपति की उपस्थिति ने कांग्रेस नेता के आरोप को बुरी तरह से धो डाला।

स्वतंत्रता के बाद देश में अभी तक जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव हुए हैं उनमें पहली बार कांग्रेस के नेतृत्व में बना गठबंधन हर दृष्टि से कमजोर नजर आ रहा है । जब से लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेताओं ने प्रचार आरम्भ किया है तभी से राहुल गांधी व उनके प्रवक्ता तमाम मंचों पर केवल एक ही बहस कर रहे हैं कि अगर मोदी जी तीसरी बार 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंक देगी। दोबारा चुनाव नहीं। इसके अतिरिक्त यह लोग प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डीप फेक वीडियो वायरल कर झूठ फैला रहे हैं। शाह के वीडियो प्रकरण में गिरफ्तारी भी हुई हैं।

चुनाव प्रचार में जुटे प्रधानमंत्री मोदी ने इस फर्जी वीडियो प्रकरण को अपने पक्ष में मोड़कर मुद्दा बनाने में सफलता प्राप्त कर ली है साथ ही। वो संविधान और आरक्षण के नाम पर विगत 70 साल में पिछली सरकारों ने जो किया उसे बेनकाब कर रहे हैं। विपक्ष वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ आरक्षण विरोधी होने का अभियान चला रहा है। बिहार में 2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार और लालू यादव के बीच गठबंधन हुआ था तब इन दलों ने संघ के खिलाफ विष वमन किया था।

मायावती ने भी एक पुस्तक घर-घर बंटवाकर संघ को आरक्षण विरोधी करार करने की कोशिश कर चुकी हैं। अब समय बदल चुका है। यह 2024 की बदली हुई भाजपा और संघ है। दोनों दुष्प्रचार के प्रति पूरी तरह सतर्क और सशक्त हैं। इस बार कांग्रेस नेताओं का यह दांव जमीनी धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। संघ ने साफ कर दिया है कि वह हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का पक्षधर रहा है।

संघ का मानना है कि जब तक सामाजिक भेदभाव है या आरक्षण देने के कारण हैं तब तक आरक्षण जारी रहे।

राहुल गांधी आजकल भाजपा को संविधान विरोधी साबित करने में दिन-रात एक किए हुए हैं जबकि वास्तविकता यह है कि अगर आज आम नागरिक अपने संविधान को जान रहा है, पढ़ रहा है और उसके अनुरूप आचरण करना चाह रहा है और उसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास ही हैं। अब हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। भारतीय संविधान को अब वेबसाइट पर आसानी से पढ़ा जा सकता है। नए संसद भवन के उद्घाटन और सेंगोल स्थापना के अवसर पर सदन के सदस्यों को भी संविधान की मूल प्रति दी गई ।

सच यह है कि संविधान का सत्यानाश कांग्रेस ने ही किया है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान में मूलभूत परिवर्तन करके उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्द जोड़कर उसकी आत्मा ही नष्ट कर दी। आपातकाल लगाकर अपनी विकृत तानाशाही मानसिकता का परिचय दिया। मनमर्जी से विपक्षी दलों की प्रदेश सरकारों को गिराया । कांग्रेस के कार्यकाल में संविधान एक परिवार का बंधक होकर रह गया था व एक धर्म विशेष का तुष्टीकरण कर रहा था। इसी प्रकार कांग्रेस अयोध्या में प्रभु राम की जन्मभूमि और उस पर बन रहे भव्य मंदिर के प्रति भी नकारात्मक रही है।

जन-जन के आराध्य प्रभु राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस पहले तो मुद्दे को लटकाने और भटकाने के लिए जी जान लगाती रही, इसमें असफल रहने पर अपने मुस्लिम तुष्टीकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार कर बैठी। उसके बाद राहुल गांधी व विपक्ष के नेता जनसभाओं में बयान देने लगे कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलित आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या में रामलला के दर्शन कर-के राहुल गांधी के इस झूठ का करारा उत्तर दिया। राम मंदिर के गर्भगृह में राष्ट्रपति की उपस्थिति ने कांग्रेस नेता के आरोप को बुरी तरह से धो डाला। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राहुल के बयान को मिथ्या बताया।

राहुल गांधी अपनी जनसभाओं में यह आरोप भी लगा रहे हैं कि वहां कोई गरीब, महिला, किसान और युवा दर्शन के लिए नहीं गया। सच यह है कि अब तक दो करोड़ से अधिक लोग राम मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा हताश कांग्रेस और विपक्ष बार-बार अपनी पराजय का बहाना खोजने के लिए ईवीएम पर ही संदेह पैदा कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट तक गए। वहां से मिले जवाब से बोलती बंद हो गई है। जब कुछ नहीं मिला तो कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड को लेकर विपक्ष ने प्रधानमंत्री की छवि को खराब करने का अभियान प्रारम्भ कर दिया है। एक टूल किट की तरह इन आभासी मुद्दों को बार-बार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है । अपने झूठे और फरेबी टूल किट की वजह से वह गहरे दलदल में फंसता जा रहा है। (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संपादकीय

सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कांग्रेस पर हमले के अभियान में पाकिस्तान एक नया कनेक्शन है। हालांकि शुरू आती चुनाव से ही पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध खतरे के रूप में चिह्नित किया जाता रहा है। ताजा आरोप है कि पाकिस्तान शहजादेइ यानी राहुल गांधी की ताजपोशी के लिए बहुत उछल रहा है। यह चुनाव को प्रभावित करनेइ का एकरेखीय आरोप नहीं है, जैसा कि चीन-रूस के बारे में अमेरिका का होता है। प्रधानमंत्री मोदी पाकिस्तान की राहुल में दिलचस्पी के दुष्परिणामों को आंतरिक और बाह्य, दोनों स्तरों पर दिखाते हैं। इससे देश में इस्लामिक

जेहाद-आतंकवाद जोर पकड़ेगा, राष्ट्रीय एकता-अखंडता खंडित होगी, सुरक्षा-व्यवस्था कमजोर पड़ेगी और नागरिकों को भुगतना पड़ेगा। यह कांग्रेसी राज का दुर्भाग्यपूर्ण फिनोमिना रहा है। इससे भारत की चहुंदिस जारी वैश्विक प्रगति भी थम जाएगी। रिकॉर्ड्स पर टिके मोदी के इस आकलन से शायद हीअसहमति होगी। पाकिस्तान से दो-दो लड़ाइयां जीतने के बावजूद कांग्रेसी हुकूमत के बनिस्बत मोदी की सुरक्षा व्यवस्था निस्संदेह पुख्ता है-कश्मीर में आतंकवाद की छिटपुट वारदात के बावजूद। घर में घुस कर मारनेइ की बात अब चेतावनी नहीं होती। इसलिए दुश्मन में दहशत पैदा करती हैं। पर क्या पाकिस्तान वास्तव में इस हालत में रह गया है कि वह आज के भारत को नुकसान पहुंचा सके? आतंक के मोर्चे पर यह आज भी सही है। इसलिए ही, पाकिस्तान आम भारतीयों में अलगाववाद और खून-खराबे के जेहाद का नाम है। इसका केवल चुनाव के समय ही नहीं, बाकी दिनों में भी किया गया उल्लेख अधिकतर भारतीयों के विचारों को ध्रुवीकृत कर देता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी की वोट जेहाद की अपील, जो एक सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी से है, बहुसंख्यक मतों का ध्रुवीकरण कर सकती है। मोदी इन मुद्दों का फायदा उठाना चाहते हैं। आरक्षण और संविधान, जो चुनाव में अंडरकरंट मुद्दे हैं, उनमें भी मत-विभाजन का लाभ चाहते हैं। इस मामले में बैकफुट पर चल रहे मोदी को कांग्रेस पर हमले के नये तर्क मिल गए हैं। वे उसके अल्पसंख्यक-प्रेम को ओबीसी कोटे की हकमारी बताते हैं। अब ऐसा नहीं होगा, इसकी वे कांग्रेस से लिखित गारंटी चाहते हैं। यह भय का वैसा ही तर्क है, जैसा कांग्रेस जनमानस में बिठा रही है कि मोदी आए तो लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण कुछ भी नहीं बचेगा।

सूक्ति

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है पर पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं।

– महाभारत

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।(कर्म करने में ही तुम्हारा अधिकार है, फल में कभी भी नहीं)

– गीता

चिंतन-मनन

नफरत का बोझ

बहुत पुरानी कथा है। एक बार एक गुरु ने अपने सभी शिष्यों से अनुरोध किया कि वे कल प्रवचन में आते समय अपने साथ एक थैली में बड़े-बड़े आलू साथ लेकर आएं। उन आलुओं पर उस व्यक्ति का नाम लिखा होना चाहिए, जिससे वे नफरत करते हैं। जो शिष्य जितने व्यक्तियों से घृणा करता है, वह उतने आलू लेकर आए। अगले दिन सभी शिष्य आलू लेकर आए। किसी के पास चार आलू थे तो किसी के पास छह। गुरु ने कहा कि अगले सात दिनों तक ये आलू वे अपने साथ रखें। जहां भी जाएं, खाते-पीते, सोते-जागते, ये आलू सदैव साथ रहने चाहिए। शिष्यों को कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन वे क्या करते, गुरु का आदेश था। दो-चार दिनों के बाद ही शिष्य आलुओं की बदबू से परेशान हो गए।

जैसे-तैसे उन्होंने सात दिन बिताए और गुरु के पास पहुंचे। सबने बताया कि वे उन सड़े आलुओं से परेशान हो गए हैं। गुरु ने कहा- यह सब मैंने आपको शिक्षा देने के लिए किया था। जब सात दिनों में आपको ये आलू बोझ लगने लगे, तब सोचिए कि आप जिन व्यक्तियों से नफरत करते हैं, उनका कितना बोझ आपके मन पर रहता होगा। यह नफरत आपके मन पर अनावश्यक बोझ डालती है, जिसके कारण आपके मन में भी बदबू भर जाती है, ठीक इन आलुओं की तरह। इसलिए अपने मन से गलत भावनाओं को निकाल दो, यदि किसी से प्यार नहीं कर सकते तो कम से कम नफरत तो मत करो। इससे आपका मन स्वच्छ और हल्का रहेगा। सभी शिष्यों ने वैसा ही किया।

राजनीति - वार पर वार करने से क्या फायदा ?



राकेश अचल

अजब राजनीति है ,गजब राजनीति है। आज की राजनीति में राजनीति पर बात ही नहीं हो रही। राजनीति पर बातचीत के अलावा हर विषय पर बात हो रही है। और तो और अब काल्पनिक उपाधियाँ राजनीति का विकल्प बन गयीं है विमर्श के लिए। राजनीतिक दलों को एक -दूसरे पर वार करते देख हमारे पड़ौसी पाकिस्तान ने भी हमारी सेना पर आतंकी हमला कर दिया । क्योंकि वार प्रति वार में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी बार-बार पाकिस्तान को घसीट रहे थे ,जबकि बेचारा पाकिस्तान अपनी ही समस्याओं से बाहर निकल नहीं पा रहा है। बात शरू करते हैं उपाधियों से। माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी जी ने कांग्रेस के नेता माननीय राहुल राजीव गांधी को शहजादे कहना शुरू किया तो कांग्रेस दस साल तो मौन रही लेकिन अब शाहजादे की सहोदरा प्रियंका ने मोदी जी को ही शंहशाह बताना शुरू कर दिया है। प्रियंका कहतीं है कि उनके भाई ने तो पैदल 4 हजार किलोमीटर की यात्रा कर भारत को जोड़ने की कोशिश की है लेकिन शंहशाह माननीय नरेंद्र भाई मोदी महलों में रहते हैं। आपने कभी टीवी पर उनका चेहरा देखा है ? एकदम साफ सुथरा सफेद कुर्ता, एक दाग नहीं है धूल का। एक बाल इधर से उधर नहीं होता है। वो कैसे समझ पाएंगे कि आप किस दलदल में धंसे हुए हो. महंगाई से आप दब चुके हो. हर तरफ महंगाई, मेरी बहनें... मिट्टी का तेल आज कितने का है? सब्जी खरीदने जाती हो,मिलती है क्या? भाव क्या है उसका ?

आपको बता दूँ कि जैसे मै टीवी पर नेताओं के दर्शन नहीं करता, उनके प्रवचन नहीं सुनता वैसे ही अखबारों में भी नेताओं की बातों पर ध्यान नहीं देता । मै नौन,तेल ,लकड़ी से ही नहीं उबर पाता फिर भी सबकी बातें कानों में पड़ ही जातीं हैं। मै कभी-कभी सोचता हूँ कि यदि राहुल गांधी शाहजादे हैं तो फिर अम्बानी और अडानी के तो जिल्लेइलाही से बढ़कर ही होंगे,क्योंकि उनके पास तो राहुल गाँधी और नरेंद्र भाई मोदी से ज्यादा धन-दौलत है । अडानी और अम्बानी तो कभी देश जोड़ने सड़कों पर नहीं निकलते। उन्हें तो देश में नौन ,तेल,लकड़ी आटा का भाव मालूम नहीं होगा !

हमारे देश की जनता बड़ी भोली-भाली है ,आजकल तो आधी जनता अंधभक्ति में भी डूबी है। जनता माननीय मोदी जी की बात पर भरोसा कर जैसे राहुल गांधी को शाहजादा नहीं मान रही मुझे लगता है कि प्रियंका के कहने पर मोदी जी को शहंशाह नहीं मानेगी।बकौल मोदी जी कांग्रेस और कांग्रेस के नेता विश्वास खो चुके हैं। इस समय देश में शहंशाह तो हमारे अमिताभ भाई बच्चन ही हैं। हाँ मोदी जी राजनीति के शहंशाह हो सकते हैं ,क्योंकि उनके पास सब कुछ है लेकिन एक अदद साइकल नहीं है।अब तो माँ भी नहीं है । पत्नी को वे पहले ही त्याग चुके हैं भारत में जिस देश के पास साइकिल भी न हो,माँ न हो ,पत्नी न हो उसे शहंशाह कहना भारत में शहंशाह रहे तमाम शंशाहों की तौहीन है। खुला अपमान है। बहरहाल दाल-भात में मूसलचंद की तरह माननीय मोदी जी ने जब बार-बार पाकिस्तान को भारत के चुनावों में घसीटा तो वो सचमुच भारत आ ही गया । पाकिस्तान के आतंकवादियों ने पूंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिखा दिया कि पाकिस्तान के आतंकी किसी 56 इंच के सीने वाले से नहीं डरते। पाकिस्तान को इस हिमाकत की सजा मिलना चाहिए। मुमकिन है कि मतदान का तीसरा चरण पूरा होते-होते ये छोटा सा आतंकी हमला पुलवामा काण्ड की तरह बड़ा स्वरूप ले ले। भले ही ये सब देशहित में नहीं होगा लेकिन इससे सत्तारूढ़ दल की डूबती नाव तो बचाई जा सकती है। मुझे कभी -कभी आशंका होती है कि मोदी जी राहुल की तरह बार-बार पाकिस्तान को भी उकसाते रहते हैं कि -आ बैल मुझे मार मोदी जी सनातनी आदमी हैं। सनातन को मानते हैं लेकिन केंद्रीय चुनाव आयोग को नही। वैसे ये उनके मन की बात है । पिछले दिनों जब इसरो के वैज्ञानिकों ने अपना तमाम कामकाज छोड़कर माननीय के निर्देश पर रामलला को सूर्यतिलक कराया था तब माननीय मोदी जी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अयोध्या नहीं गए था । उन्होंने अपने हैलीकाप्टर में ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बाकायदा अपने जूते उतारकर इस दृश्य को देखा था। लेकिन अब मोदी जी का मन बदल गया है। वे उत्तरप्रदेश में राहुल गांधी की वापसी के बाद अयोध्या जाकर न सिर्फ वहां रोड शो करेंगे बल्कि रामलला के दर्शन भी करेंगे । अब किसी आदर्श आचार संहिता का उललंघन नहीं होगा। हो भी जाये तो कौन परवाह करता है।? रामलला बड़े कि केंचुआ ? संयोग से हमारे देश की आदर्श चुनाव संहिता में चुनाव प्रक्रिया के चलते दल-बदल करने पर कोई रोक नहीं है। इसी का लाभ लेते हुए भाजपा कांग्रेस के हाथों से उनके बम ही नहीं छुड़ा रही बल्कि फेयर एंड लवली को भी अपनी पार्टी में शामिल करने से नहीं हिचक रही। एन मतदान के दिन तक दल-बदल स्वीकार कर रही है । मियाँ-बीबी राजी तो क्या करेगा काजी ? कांगेसी यदि भाजपा में शामिल हो रहे हैं तो मोदी जी क्या करें ? शरणार्थी को वापस लौटा दें ? ये तो राजधर्म नहीं है न ? राम जी ने कभी बिभीषण और उसके बाद आने वाले राक्षसों को वापस लौटाया था क्या ? अर्थात रामभक्त और रामदास भाजपा का शरणार्थी शिविर खुला था सो खुला ही रहेगा कांग्रेसियों के लिए। कांग्रेस में जब भी किसी का दिल टूटे,उपेक्षा हो तो वो बेधड़क भाजपा में शामिल हो सकता है। भाजपा का कांग्रेसीकरण ही भाजपा कि प्राथमिकता है। कांग्रेसियों को शासन करने और भ्ष्टाचार करने में महारत हासिल है और भाजपा को इसकी सख्त जरूरत है चार सौ पार करने के लिए। माननीय मोदी जी कितने दरियादिल हैं इसका उदहारण हाल ही में देखने में आया। माननीय मोदी जी ने बिहार में विहार करते हुए दरभंगा में पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव को भी शाहजादे की उपाधि दे दी। ठीक वैसे ही जैसे कि -जो संपति सिव रावनहि, दीन्हि दिएँ दस माथ।. सोइ संपदा बिभीषनहि, सकुचि दीन्हि रघुनाथ। मोदी जी आखिर मोदी जी हैं। किसी को भी राजा और किसीको भी रंक बना सकते हैं। अरविंद केजरीवाल को ही देख लीजिये। हेमंत को देख लीजिये। इधर अडानी को देख लीजिये ,अम्बानी को देख लीजिये। प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं। मोदी जी कि दरियादिली का लाभ पूर्व संसद बृजभूषण सिंह के बेटे को भी मिला और पंडित टैनी के बेटे को भी। मै इस आधार पर कह सकता हूँ कि जितना समाजवाद भाजपा में है उतना किसी और दल में नहीं। मुझे भी 7 मई को मतदान करने जाना है। सोच रहा हूँ कि मैं भी किसी शाहजादे कि तरह वोट डालने जाऊं । हालांकि मै शाहजादा नहीं हू। मेरे पिता सरकारी अफसर जरूर थे। हाँ मैंने कभी चाय नहीं बेचीं। शाहों के लड़के चाय बेचते भी नहीं हैं। वे क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को कंट्रोल करते हैं। कुल जमा ये कि आप इस उठापटक के बीच 7 मई को तीसरे चरण के मतदान में निष्ठा से हिस्सा लीजिये। आपको शहंशाह चुना है या जिल्लेइलाही ? ये आप खुद तय करें ?

चुनाव में सभी दलों की निगाहें युवाओं पर टिकी

